॥ ॐ ॥

श्री श्रीहर्षप्रणीतं

खण्डनखण्डखाद्यम्

सराजहंसशारदाव्याख्यया समलङ्कृतम्

-प्रोफेसर सुधांशुशेखर शास्त्री

॥ ॐ ॥

श्री श्रीहर्षप्रणीतं

खण्डनखण्डखाद्यम्

सराजहंसशारदाव्याख्यया समलङ्कृतम्

-प्रोफेसर सुधांशुशेखर शास्त्री

ॐ

कवितार्किकचक्रचूड़ामणिश्रीश्रीहर्षप्रणीतं

खण्डनखण्डखाद्यम्

नाम

अनिर्वचनीयतासर्वस्वम्

यतिकुलचक्रचूड़ामणि-

श्रीमत्स्वामिशङ्करचैतन्यभारतीविरचितया

सराजहंसशारदाख्यव्याख्यया समलंकृतम्

स्वामिश्रीशिवशङ्करचैतन्यभारतीपूज्यपादशिष्य-

श्रीसुधांशुशेखरशास्त्रिविरचित-

भारतीभाषानुवादेन संयुतम्

प्रथमो भागः

काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीयसंस्कृतविद्याधर्मविज्ञानसंकायस्य

संकायप्रमुखेन

तत्रत्यवैदिकदर्शनविभागाध्यक्षचरेण

प्रोफेसर श्रीसुधांशुशेखरशास्त्रिणा

सम्पादितं प्रकाशितञ्च

भारतीग्रन्थमालायाः द्वितीयं पुष्पम्

सम्पादकः प्रकाशकश्च

प्रोफेसर श्रीसुधांशुशेखर शास्त्री
भारतीभवनम्
सी. के. ३४/३९, लाहौरी टोला
वाराणसी - २२१००१ (उ.प्र.)

© पुनर्मुद्रणाधिकारोऽस्य
सम्पादकानुमत्यायत्तः

प्रथमसंस्करणम् : पञ्चशतसंख्यकानि
संवत् २०५६ आ.कृ. गुरुपूर्णिमाबुधवासरः
(२८/७/९९)

मूल्यम्   पञ्चशतरुप्यकाणि (रु. ५००.००)

प्राप्तिस्थानम्

सम्पादकनिवासस्थानम्
वाराणसीस्थापणेभ्योऽपि प्राप्यन्ते ।

मुद्रक :

महेश कुमार
डिवाइन प्रिन्टर्स
सोनारपुरा, वाराणसी
फोन : ३२१३७१

ॐ

निवेदनम्

इह पारमिव सार्वपथीनवैदुष्याकूपारस्य, जीवातुरिव निर्विशेषचिदद्वयवादस्य, निकष इव मतिप्रकर्षस्य, शरणमिवापदि निखिलतन्त्रस्य, फलितमिव पुण्यं मुमुक्षुनिवहस्य, पूर्णावतार इवापरो, द्वैतासुरजिघांसया भगवतः परमपुरुषस्य समुल्लसति कोऽप्यनिर्वचनीयतावादः । यः किल शैशवे निवसन्नपि स्वसदनेषु गोपैरिव तार्किकैरपरिचितमहामहिमा मुनिजनैरिव जैनैराराधितः । भिन्दता भेददानवाननायिषत यौवनदिनानि कियन्तिचित्सौगतसौधेषु येन । प्रौढिमानमास्पृशति च यो यौवनेऽङ्गनाभिरिव श्रुतिभिर्विलसितुमाससाद चिदानन्दोदधिवलयितं ब्रह्माद्वयवादिपुरम् । यस्य च किरीटीव श्रीश्रीहर्षः । समसेवि च यो विश्ववन्दितचरणयुगलेन विकलितसकलकलङ्केन शङ्करेण भक्तिभरितान्तरेण ।

तमिममधिकृत्य भावुककुलमौलिमण्डनायितेन श्रीशारदाप्रसादनासादितशेमुषीकेण त्रिभुवनप्रथितवैदुषीकेण कवितार्किकचक्रप्रपूजनीयपादपीठेन सर्वज्ञकल्पेनानुपद्रुतध्रुवधामाधिरूढेण श्रीश्रीहर्षेण प्राणायि खण्डनात्मनः खण्डखाद्यस्यावाप्त्युपायतामुपयन्नयमन्वर्थनामा निबन्धः । चिराय चायमात्मोचितमाचरन् तदनुविधायिनीञ्च परिश्रान्तिमनुभवन् तत्त्वप्रदीपिकया चन्द्रिकाञ्चितयाऽद्वैतसिद्ध्या बहुशो विरचितपरिचर्योऽपि भवितव्यस्यैव गौरवादम्लानमानसतामनासादयन्नव्यसरणिष्वनुत्साहतामिवावहन् द्रुहिण इव प्रीतया त्रिपुरया परया स्वमनोविनोदमादधतीं शारदां कामप्यवाप्य स्वातन्त्र्यवैभवभरैः पूर्णाहन्तामिवामृशन् विकसितचेताः समजनीति मन्ये । अस्याश्च दोषः श्रद्धालवस्य दोषाः, गुणास्तु त्रिगुणेश्वरेश्वराया गुणः । वयम्पुनरत्र के वराका इति न जानीमः । क्व निबन्धस्यास्य गम्भीता, क्वच मामकी मलीमसमतिः । किं वेह ब्रुवे, अस्योपक्रियायै प्रवृत्तिरियमित्यतिसाहसिक्यम्, अपक्रियायै पुनरेषेति मृषाभाषा, नोभयथापीत्यनिर्वचनीयता, चन्द्रिकामन्वञ्चतीयमित्यतिगौरवम्, नव्यतार्किकरीतीरपहस्तयतीत्यौद्धत्यम्, उपजीव्यावमानिनीति शिष्टसरणिविरुद्धम्, निर्दोषैषेति विश्वसीमोल्लङ्घनम्, निर्गुणेयमित्यपत्रपत्वम् । तदास्तामिह मौनितैव श्रेयसितरेति। धीराः ! न परं प्रचारणमेवापि तु निर्माणमपि निबन्धस्येदृशो भवादृशां दृशि दयार्द्रायामेवायतत इति कृतमतिविततया वाचा ।

अस्य च प्रत्यक्षखण्डन्तोऽयं भागो भवतां दृष्टिपथमवतरतु । भूमिकां पुनरस्यानिर्वाच्यवादाभिधां सौगतशैवाद्वैतादिसमालोचनपरां द्वितीयभागाङ्गभावमनुभवन्तीमुपहरिष्याम इति सम्भाव्यते । इह च दृष्टिदोषाद्वा, कृतेऽपि संशोधने स्थानान्तरे स्थापनीयस्यापरत्र प्राग्वदेव वा स्थापनेनाक्षरयोजकानां प्रमादाद्वा, क्वचित्क्वचिदलब्धावस्थितिमशुद्धिरिति नेदमपूर्वमिति क्षन्तव्यम्, शुद्धिपत्रं तु निवेशितमेवेति निवेदयन्नुपरमति –

ललिताघट्टस्थश्रीराजराजेश्वरीमन्दिरे
वाराणस्याम् ।

सतामनुचरः
शङ्करचैतन्यभारती

॥ ॐ ॥

भूमिका

मूलाधारामनाधारामाधाराधेयचेतनाम् ।
चेत्यचक्रपरां शान्तां तां परां समुपास्महे ॥

"अध्यात्मविद्या विद्यानाम्" श्रीजगद्गुरु का यह उद्घोष समस्त विद्याओं में अध्यात्मविद्या के प्रामुख्य को सिद्ध करता है । अध्यात्मशब्द की व्युत्पत्ति आत्मविषयक विद्या को अध्यात्मविद्या कहती है । इस परिधि के अन्तर्गत सभी दर्शनों का समावेश होता है । सभी दर्शन मुख्यतया आत्मा के ही प्रतिपादक हैं । आत्मतत्त्व के प्रतिपादन में ही दर्शनों का दर्शनत्व है । भले ही आत्मा के किसी भी रूपके प्रतिपादक हो, दर्शनपदव्यपदेश्य होते हैं। सभी दर्शनों का मुख्य प्रतिपाद्य तो आत्मा ही है । अत एव मुख्यतम आत्मस्वरूप के प्रतिपादक वेदान्त के प्रति सभी दर्शन सोपानपरम्परया उपयोगी सिद्ध होते हैं । अतएव –

न्यायचर्चेयमीशस्य मननव्यपदेशभाक् ।
उपासनैव क्रियते श्रवणानन्तरागता ॥
न ग्राह्यभेदमवधूय धियोऽस्तिवृत्ति,
तद्बाधने बलिनि वेदनये जयश्रीः ।
नो चेदनित्यमिदमीदृशमेव विश्वं,
तथ्यं तथागतमतस्य तु कोऽवकाशः ।

इत्यादि नैयायिक उदयनाचार्य ने एवं

इत्याह नास्तिक्यनिराकरिष्णुरात्मास्तितीतां भाष्यकृदत्र युक्त्या ।
दृढत्वमेतद्विषयः प्रबोधः प्रयाति वेदान्तनिषेवणेन ॥

इत्यादि मीमांसकशिरोमणि भट्टपादने वेदान्त में ही अपने दर्शनों की विश्रान्ति कहा है। वेदान्तदर्शन ही साक्षात् आत्मस्वरूप के प्रतिपादक हैं, यह सर्वविदित है । अतएव वेदान्तदर्शन ही दर्शनीयतमं दर्शनम्" तथा सभी दर्शनों का मुकुटमणि कहा गया है ।

दर्शनानि समस्तानि शोभन्ते तावदेव हि ।
वेदान्तदर्शनं यावन्न पश्यामः शिरोमणिम् ॥

वेदान्तदर्शन का मूलरूप वेद ही है । "काण्डत्रयात्मको वेदः" इस उक्ति के अनुसार वेद के कर्मकाण्ड उपासनाकाण्ड तथा ज्ञानकाण्ड यह तीन काण्ड प्रसिद्ध हैं । ज्ञान की विशेष

विवेचना करने के कारण वेद का उपनिषद् भाग ज्ञानकाण्ड कहलाते हैं। भारतीय दर्शन के मूल सिद्धान्त इन उपनिषदों में उपवर्णित है। यद्यपि समस्तवेद का मुख्य तात्पर्य अद्वितीय परमार्थतत्त्व के ही प्रतिपादन में है। कर्मादि के प्रधान होने पर भी संहितादि में अध्यात्मविषयक विपुल रहस्यों का उद्घाटन उपलब्ध होता है। तथापि मुख्यरूप से अध्यात्मविषयक महत्वपूर्ण समस्याओं का विशदविवेचन एवं समाधान उपनिषदों में ही किया गया है। अतएव उपनिषद् ही वेदान्त का मूलस्वरूप है, उपनिषद् को ही वेदान्त कहते हैं। इस नामकरण के दो कारण हैं – एक तो यह है कि उपनिषद् प्रायः वेद के अन्तिम भाग में है। वेदस्य अन्तः = अन्तिमो भाग इस व्युत्पत्ति के अनुसार वेदान्त नाम अन्वर्थ है। दूसरा कारण यह है कि – वेदान्तशब्द में अन्तःशब्द निर्णीतार्थ का वाचक है। वेदप्रतिपाद्य सिद्धान्त का नाम ही वेदान्त है। उपनिषदों में वही तत्त्व उपवर्णित है। अतएव उपनिषद् को ब्रह्मविद्या या अध्यात्मविद्या भी कहते हैं।

उप तथा नि उपसर्गक सद्धातु से क्विप प्रत्यय करने पर उपनिषद् शब्द निष्पन्न होता है। सद्धातु के तीन अर्थ होते हैं। विशरण = नाश होना, गति = प्राप्ति होना, एवं अवसादन= शिथिल होना। जिस विद्या के परिशीलन से दृष्टानुश्रविक विषयों से वितृष्ण मुमुक्षुजनों की संसार-बीजभूत अविद्या नष्ट हो जाती है, जो विद्या उन्हें ब्रह्म की प्राप्ति करा देती है, तथ जिसके अनुशीलन से समस्त सांसारिक जन्ममरणादि दुःखों का सर्वथा शिथिलीकरण उच्छेदोन्मुखता हो जाती है वही अध्यात्मविद्या उपनिषद् कही जाती है। कठोपनिषद् भाष्यारम्भ में श्रीमद्भागवत्पाद के उक्त कथन के अनुसार उपनिषद् शब्द का मुख्य अर्थ ब्रह्मविद्या है और गौण अर्थ ब्रह्म विद्याप्रतिपादक ग्रन्थविशेष है।

यह ब्रह्मविद्या समस्त विद्याओं की प्रतिष्ठा आधारभूत है। मुण्डक में कहा है – "स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह" (मु० १।१)। अतएव समस्त विद्याओं का अन्तिम पर्यवसान ब्रह्मविद्या में ही होता है। उपनिषदों के लिए वेदान्त शब्द का प्रयोग अनेक उपनिषदों में उपलब्ध होता है – "वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः" (मु० ३।२।५) "वेदान्ते परमं गुह्यम्" (श्वे० ६।२२) वेदान्ते च प्रतिष्ठितः" (म०ना० १०।८) इत्यादि।

कालक्रम से सामर्थ्य के शिथिल होने पर उपनिषद् वाक्यार्थमें संशय होने लगा। मुमुक्षुजनों के उद्धार हेतु संशय निवृत्त कर उपनिषद् प्रतिपाद्य सिद्धान्त का प्रतिपादन करना आवश्यक था। एतदर्थ मुमुक्षुभाग्यविधाता भगवान् बादरायण ने ब्रह्मसूत्रों की रचना की। जिनकी संख्या शङ्करसम्प्रदाय के अनुसार ५५५ (पाँच सौ पचपन) है। भाष्यटीकाकार श्री आनन्दगिरि एवं श्रीधर स्वामी के अनुसार इन्हीं सूत्रों का उल्लेख भगवान् श्रीकृष्ण ने "ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमंद्भिर्विनिश्चितैः" (गी. १३।४) इस पद्यांश में किया है।

पारमेश्वरा ज्ञानशक्ति अवतारभूत भगवान् बादरायण की –

अचतुराननो ब्रह्मा द्विबाहुरपरो हरिः।
अभाललोचन शम्भू भगवान् बादरायणः॥ इत्यादि

विशेषताओं के साथ इन ब्रह्मसूत्रों की यह बहुत बड़ी विशेषता है कि – इन्हीं सूत्रों के आधार पर वेदान्तदर्शन में अनेक सम्प्रदाय प्रस्फुटित हुए हैं । उपनिषद्, श्रीमद्भगवद्गीता भगवान् बादरायण के सूत्रों पर अनेक आचार्यों ने अपने-अपने मत से भाष्य की रचना की है। जिनमें काल क्रम से विभिन्न वादों की प्रतिष्ठा की गई । इनमें श्रीमद्भगवतपाद का अद्वैतवाद, श्रीरामानुज का विशिष्टाद्वैतवाद, श्रीनिम्बार्क का द्वैताद्वैतवाद, श्रीमाध्वका द्वैतवाद, तथा श्री वल्लभ का शुद्धाद्वैतवाद आदि अनेकवाद सुप्रसिद्ध है । किन्तु इन सभी में अद्वैतवाद अर्थात् ब्रह्मात्मैक्यवाद जो तत्त्वमस्यादि चतुर्विध महावाक्य "विद्वान्नामरूपाद् विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दीव्यम्" (मु० ३।२।८) ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति" (मु० ३।२।९) यो यो देवानां प्रत्यबुध्यते स एव तदभवत् (बृ० १।४।१०) "परमेव ब्रह्म भवति य एवंवेद" इत्यादि शतशः श्रुतिवाक्यों के द्वारा एवं "आत्मेति तूपगच्छन्ति ग्राहयन्ति च (ब्र. ४।१।३) इत्यादि ब्रह्मसूत्र के द्वारा बज्र के समान सुदृढतया सिद्ध है, अतिप्राचीन होते हुए भी घोर अन्धकार को ध्वस्त करते हुए भगवान् भास्कर के समान अपनी अतुलनीय विशेषताओं के कारण नवीनतम होकर आज भी देदिप्यमान है ।

अद्वैतसिद्धान्त में चिन्मात्रस्वरूप निर्विशेष अद्वितीय ब्रह्म ही परमार्थ सत् है । वह नित्य शुद्धबुद्ध स्वभाव स्वतःसिद्ध है । वही व्यापक होने से आत्मा कहा जाता है । आत्मा का स्वतःसिद्धत्व शाङ्करभाष्य में प्रतिपादित है– "आत्मा तु प्रमाणादिव्यवहाराश्रयत्वात्प्रागेव प्रमाणादिव्यवहारात् सिद्ध्यति । न चेदृशस्य निराकरणं सम्भवति । आगन्तुकं हि वस्तु निराक्रियते न स्वरूपम् । य एव हि निराकर्ता तदेव तस्य स्वरूपम्, न ह्यग्नेरौष्ण्यमग्निना निराक्रियते। (शा०भा० २।३।७) "सर्वोह्यात्मास्तित्वं प्रत्येति, न नाहमस्मीति । यदि हि नात्मास्तित्वप्रसिद्धिः स्यात् सर्वो लोको नाहमस्मीति प्रतीयात् । आत्मा च ब्रह्म" (शा०भा० १।१।१) इति ।

ईदृशब्रह्मातिरिक्त नानाविध भोक्तृभोक्तव्यादि समस्त प्रपञ्च माया अपरपर्याय अविद्या के द्वारा कल्पित है । माया या अविद्या रूप उपाधिवशात् हि उसी ब्रह्म में जीवेश्वरादिव्यवहार भी सम्पन्न होते हैं ।

अव्यक्तनाम्नी परमेशशक्तिरनाद्यविद्या त्रिगुणात्मिका या ।
कार्यानुमेया सुधियैव माया यया जगत् सर्वमिदं प्रसूयते ॥

विवेकचडामणि के इस पद्य में अविद्या को परमेश्वर की शक्ति अनादि त्रिगुणात्मक कार्यानुमेय तथा समस्त जगत् की कारण कहा है । "अनादिभावरूपं यदविज्ञानेने विलीयते" कहकर चित्सुखाचार्य ने उसे अनादिभावरूप एवं ज्ञान निवर्त्य कहा है । साथ ही इसे –

सन्नाप्यसन्नाऽप्युभयात्मिका नो भिन्नाप्यभिन्नेत्युभयात्मिका नो ।
साङ्गाप्यनङ्गाप्युभयात्मिकानो महाद्भुताऽनिर्वचनीयरूपा ॥ (वि०चू० १११)

अविद्याया अविद्यात्वमिदमेव तु लक्षणम् ।
यत् प्रमाणासहिष्णुत्वमन्यथा वस्तु सा भवेत् ॥

प्रत्येकं सदसत्त्वाभ्यां विचारपदवीं न यत्
गाहते तदनिर्वाच्यमाहुर्वेदान्तवेदिनः ॥

इत्यादि अनेक वचन अनिर्वचनीयता को सिद्ध करते हैं । इस अविद्या के सदसद्विलक्षणरूप अनिर्वचनीय होने से इसके द्वारा कल्पित समस्त प्रपञ्च भी अनिर्वचनीय है । ब्रह्म का विवर्त एवं अविद्या रूप मूलाज्ञान का परिणाम है । अतएव मिथ्या है । ब्रह्मसाक्षात्कार के द्वारा मूलाज्ञान की निवृत्ति होने पर ब्रह्म में आरोपित जीव भाव भी निवृत्त हो जाता है । वेदान्तसिद्धान्त के अनुसार मोक्षदशा में किञ्चित नवीन प्रापणीय पदार्थ मोक्ष नहीं है, अपितु मिथ्याभूत अनिर्वचनीय मूलाज्ञान रूप उपाधि के निवृत्त होने पर आत्मा के यथार्थ स्वरूप से अर्थात् ब्रह्मात्मना स्थित होना ही मोक्ष है । ''परमेव ब्रह्म भवति य एवं वेद'' (नृ० ५) ''अभयं वै ब्रह्म भवति य एवं वेद'' (बृ० ४।४।२५) इत्यादि श्रुतिवाक्य आत्मस्वरूपविश्रान्तिरूप मोक्ष का वर्णन करते हैं । ईदृश आत्मस्वरूपमोक्ष को प्राप्त करने के लिए आत्मव्यतिरिक्त समस्त प्रपञ्च में मिथ्यात्वभावना अनिर्वचनीयत्वभावना का दृढ होना परमावश्यक है । आत्मव्यतिरिक्त से विरत हुए बिना पूर्णरूपेण आत्मविश्रान्ति प्राप्त नहीं होती । अतएव –

अविद्यास्तमयो मोक्षः सा च बन्ध उदाहृतः ।
निवृत्तिरात्मा मोहस्य ज्ञातत्वेनोपलक्षितः ॥

इत्यादि वार्तिक वचन अविद्यानिवृत्ति का ही मोक्ष रूप से उल्लेख करते हैं । वैराग्योत्पादन पूर्वक आत्मातिरिक्त समस्त प्रपञ्च से विरत करने के लिए ही वेदान्त ग्रन्थों में अनिर्वचनीयतावाद का दृढता से प्रतिपादन किया गया है । वेदान्त दर्शन (शाङ्कर) का मायावाद एकमात्र अनिर्वचनीयता पर ही निर्भर है । प्रतिपक्षी उसी का खण्डन करते हैं । यद्यपि मायावाद-अनिर्वचनीयतावाद केवल शङ्कर सम्प्रदाय से ही प्रचलित नहीं है अपितु पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है । यथा –

न सती सा नासती सा नोभयात्मा विरोधतः
एतद विलक्षणा काचिद् वस्तुभूतास्ति सर्वदा । (देवी भागवत)
नासद्रूपा न सद्रूपा मायानैवोभयात्मिका
अनिर्वाच्या ततोज्ञेया मिथ्याभूतासनातनी ।

(सूर्य पुराण – सां.भा. १-२६ से उद्धृत)

तथापि शाङ्करवेदान्त द्वारा जैसा यह प्रचारित एवं प्रसारित है अन्य के द्वारा नहीं है । अनिर्वचनीयतावाद के साधक वेदान्त ग्रन्थों में श्री श्रीहर्षविरचित 'खण्डनखण्डखाद्य' का प्रमुख स्थान है ।

ग्रन्थकार श्रीहर्ष का समय : ग्रन्थकार श्रीहर्ष के समय के सम्बन्ध में अनेक विद्वानों

के विभिन्न मत उपलब्ध होते हैं। अच्युत ग्रन्थमाला द्वारा प्रकाशित खण्डन भूमिका में भी इस सम्बन्ध में अनेक मतों का उल्लेख किया गया है। यहाँ इसका विशेष विस्तार न करते हुए इतना ही कहना पर्याप्त है कि खण्डनखण्डखाद्य में श्रीहर्ष ने उदयनाचार्यरचित लक्षणावली का खण्डन किया है। एवं नव्यन्याय के आविष्कर्ता गंगेशोपाध्याय ने 'एतेन खण्डनकार मतमपास्तम्' कहते हुए खण्डनकार के खण्डन का प्रयास किया है।

इसी प्रकार श्रीउदयनाचार्य ने न्यायकुसुमाञ्जलि में –

शंकाचेदनुमास्त्येव न चेच्छंका ततस्तराम्
व्याघातावधिराशङ्का तर्कः शङ्कावधिर्मतः।

इस पद्य के द्वारा प्रत्यक्षैकप्रमाणवादी चार्वाक का खण्डन कर अनुमान प्रमाण को सिद्ध किया है, किन्तु श्रीहर्ष अनुमानप्रकरण में उक्त पद्य के ठीक विपरीत पद्य के द्वारा उदयनोक्ति का खण्डन प्रस्तुत करते हैं –

व्याघातो यदिशङ्कास्ति नचेच्छङ्का ततस्तराम्।
व्याघातावधिराशङ्का तर्कः शङ्कावधिः कुतः॥

पुनः गंगेशोपाध्याय ने चिन्तामणि के तर्क प्रकरण में इसी पद्य को उद्धृत करते हुए खण्डनकार का खण्डन प्रस्तुत किया है।

उदयनाचार्य का समय ९८४ ई० प्रायः निश्चित किया गया है एवं गंगेशोपाध्याय का समय १२०० ई० सिद्ध माना गया है। इस प्रकार पौर्वापर्य का विचार करने पर इन दोनों का मध्यकाल ही श्रीहर्ष का काल मानना उचित प्रतीत होता है। अपि च ऐतिहासिकों ने खण्डनोक्त 'ताम्बूलद्वयमासनञ्च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात्' इस वाक्य को उद्धृत करते हुए कान्यकुब्जेश्वराब्द से जयचन्द को स्वीकार किया है। श्रीचाण्डू पंडित ने भी नैषधदीपिका में इसका उल्लेख किया है एवं इसी सन्दर्भ में ११८६ ई० का एक दानपत्र भी उपलब्ध होता है। इस प्रकार जयचन्द का कार्यकाल भी श्रीहर्ष का काल ठहरता है। जयचन्द का समय ११६२ ई० से ११९३ के बीच माना गया है। अतः यही समय श्रीहर्ष का भी निश्चित होता है।

खण्डनकार श्रीहर्ष के देश के सम्बन्ध में भी विभिन्न मत हैं। प्रथम यह है कि –

श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरसुतं
श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियचयं मामल्लदेवी च यम्।

इस पद्यांश में श्रीहर्ष के पिता का नाम 'श्रीहीर' और माता 'मामल्लदेवी' दिया गया है। इस प्रकार के नाम या तो दक्षिण भारत में हो सकते हैं या कश्मीर में। अतः इन दोनों में से ही कोई एक श्रीहर्ष का देश रहना चाहिए।

कश्मीर के सम्बन्ध के लिए एक किंवदन्ति यह भी सुनी जाती है कि – काव्यप्रकाशकार मम्मट श्रीहर्ष के मातुल लगते थे । जो श्रीहर्ष के वैदुष्य से प्रायः क्षुब्ध रहते थे और उन्हीं के आदेश से उनकी पत्नी ने बालक बुद्धिमान श्रीहर्ष को बुद्धिमान्द्यसम्पादनार्थ एकमास पर्यन्त रात्रि में माष (उड़दी) एवं दधि खिलाया । किन्तु श्रीशारदाप्रसादलब्धमतिमान् श्रीहर्ष ने एकमासानन्तर मातुल (मम्मट) के कुशलक्षेमादि पूछे जाने पर – 'अशेषशेमुषीनाशमाषमश्नामि मातुल' इत्यादि सुमधुर ललित पंक्तियों के द्वारा उत्तर दिया । इस वृत्तान्त के अनुसार मम्मट के काश्मीरी होने से श्रीहर्ष का भी देश कश्मीर ही निश्चित होता है ।

द्वितीय मत यह है कि श्रीहर्ष कन्नौज के वास्तव्य थे । क्योंकि – 'ताम्बुलद्वयमासनञ्च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात्' के अनुसार श्रीहर्ष कान्यकुब्जेश्वरमहाराजा जयचन्द के राजसभा के राज्यपण्डित सिद्ध होते हैं और यह सभा कन्नौज में थी । अतः श्रीहर्ष भी वहीं रहते थे, वहीं उनका वास्तव्य देश था । इस प्रकार श्रीहर्ष का देश कन्नौज ही सिद्ध होता है ।

तृतीय मत का आशय यह है कि 'तथा च श्रीवाराणस्यां मुक्तिक्षेत्रेऽनुभूतपरब्रह्मस्वरूपो गङ्गादर्शनादिना धर्मकर्ममध्यमध्यासीनः' नैषधदीपिकारम्भस्थित श्रीचाण्डू पण्डित के इस कथन के एवं उक्त दानपत्र के अनुसार वाराणसी ही श्रीहर्ष की निवास भूमि सिद्ध होती है।

दमयन्ती के स्वयंवर सभा में काशीराज का वर्णन करते हुए श्रीहर्ष ने भी वाराणसी का अतीव अनुराग से वर्णन किया है । श्रीहर्ष कहते हैं –

वाराणसी निविशते न वसुन्धरायां तत्रस्थितिर्मखभुजां भुवनेनिवासः ।
तत्तीर्थमुक्तवपुषामत एवमुक्तिः स्वर्गात्परं पदमुदेतु मुदे तु कीदृक् ॥

(नैषध ११/११६)

'वाराणसी पृथ्वी लोक से परे है, उसमें रहना देवलोक में वास करना है । अतएव उस तीर्थ में मरने वालों को मुक्ति ही मिलती है अन्यथा मुक्ति के अतिरिक्त स्वर्ग से बड़ा कौन पद है जो अधिक आनन्ददायक हो ।'

स्वयंवर के पश्चात् प्रसन्न देवगण के द्वारा नल दमयन्ती को वाराणसी के समीप निवास करने के वरदान का वर्णन भी श्रीहर्ष ने किया है –

तवोपवाराणसि नामचिह्नं वासायपारेति परं पुरास्ति ।
निर्वातुमिच्छोरपि तत्र भैमीसंभोगसङ्कोचभियाधिकाशि ॥

(नैषध १४/१७५)

इस वरदान की कल्पना से यह अनुमान किया जा सकता है कि श्रीहर्ष वाराणसी में रहते थे या वाराणसी के समीप किसी गाँव में रहते थे । आज भी वाराणसी में अस्सी नाले के उस पार नरोत्तमपुर नरियापुर (नलपुर) तथा नैषढा (नैषधपुर) ग्रामत्रय विद्यमान है ।

रही बात – 'ताम्बूलद्वयं' इत्यादि कथन की तो उस विषय में यह कहा जा सकता है कि उस समय कान्यकुब्जेश्वर स्वयं भी काशी में ही निवास करते थे, या काशी का प्रशासन भी उन्हीं के अधीन हो । अतएव – विद्यासागर (खण्डनटीकाकार) ने भी 'कान्यकुब्जेश्वरः काशिराजा' कहा है । उक्त दानपत्र से भी यह स्पष्ट होता है । अतः श्रीहर्ष का वास्तव्य देश काशी-वाराणसी ही था, यह मानना उचित प्रतीत होता है । अतएव राजशेखर ने अपने प्रबन्धकोष में 'पूर्वस्यां वाराणस्याम्' कहा है । अथवा यह कल्पना भी की जा सकती है कि श्रीहर्ष भ्रमणशील विद्वान् थे । अतः मम्मट के मातुल होने की बात यदि सत्य है तो श्रीहर्ष का जन्मस्थान कश्मीर होगा । भ्रमणबेला में कन्नौज पहुँचे तो वहाँ की राजसभा में सम्मानित होकर कन्नौज में ही कुछ समय निवास किये हों और पश्चात् उक्त नृपति के साथ या एकाकी ही पुण्य क्षेत्र श्री वाराणसी आकर बस गये हों तथा शेष जीवन यहीं व्यतीत किये हों । क्योंकि उक्त पद्य के द्वारा उनका वाराणसी के साथ गाढ़ स्नेह भासित होता है ।

सुना जाता है कि श्रीहर्ष के पिता श्रीहीर का किसी राजसभा में एक न्यायशास्त्र निष्णात विशिष्ट विद्वान् के साथ शास्त्रार्थ हुआ था । जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा । उसी पराभव से अत्यन्त दुःखित हो श्रीहीर ने श्रीजगन्माता की आराधना किया । किन्तु दैववशात् श्रीहर्ष के पञ्चवर्षीय बाल्यावस्था काल में ही श्रीहीर दिवंगत हो गये । शरीर परित्याग के पूर्व ही श्रीहीर ने अपनी पत्नी यानी श्रीहर्ष की माता को या स्वयं श्रीहर्ष को ही सविधि श्रीचिन्तामणिमन्त्र का उपदेश दे दिया था । श्रीहीर के दिवंगत होने के पश्चात् माता श्रीमामल्लदेवी ने उपनयनसंस्कारसंस्कृत बालक श्रीहर्ष के द्वारा उक्त महामंत्र के द्वारा श्री श्रीजगन्माता का आराधन कराया । आराधन से प्रसन्न श्री जगन्माता ने श्रीहर्ष को दर्शन दिया तथा अनुग्रह किया । उसके कृपाकटाक्ष से श्रीहर्ष बाल्यावस्था में सर्वशास्त्रपारंगत और असाधारण पाण्डित्यसम्पन्न हो गये और अपने पिता के पराभवकर्त्ताओं को परास्त कर राजसभा में सम्मान प्राप्त किया ।

कुछ लोग श्रीहर्ष को अपने पिता के पराभवकर्ता नैयायिक श्रीउदयनाचार्य का तिरस्कर्ता बताते हैं तथा श्रीउदयनाचार्य के प्रति श्रीहर्ष की अकाट्य तर्कयुक्त –

किंगवि गोत्वमथागवि गोत्वं यदि गविगोत्वं मयि नहि तत्त्वम् ।
अगवि च गोत्वं यदि भवदिष्टं भवतु भवत्यपि सम्प्रतिगोत्वम्' ॥

इस उक्ति को उद्धृत करते हैं किन्तु ऐतिहासिक प्रबल प्रमाणों से श्रीउदयनाचार्य एवं श्रीहर्ष दोनों के काल में लगभग पौने दो सौ वर्षों का अंतर सिद्ध होने से उक्त कथन विश्वसनीय नहीं कहा जा सकता । यहाँ यह सम्भव अवश्य है कि श्रीउदयनाचार्य की लक्षणावलि आदि ग्रन्थों के प्रबल समर्थक किसी महान् नैयायिक के साथ श्रीहीर का शास्त्रार्थ हुआ हो और उसका नाम भी उदयनाचार्य ही हो उसी को परास्त करते समय श्रीहर्ष ने किसी प्रसङ्ग से उक्त उक्ति कही हो ।

यह भी सुना जाता है कि ये अपने नैषध काव्य को लेकर काश्मीर के तत्कालीन महाराजा श्रीमाधवदेव के पास गये थे । वहाँ दरबारी विद्वानों ने 'कहीं श्रीहर्ष ही सभा का प्रधान पण्डित न मान लिया जाय' इस ईर्ष्या से श्रीहर्षरचित नैषध का महत्वख्यापन न कर उसे दोषयुक्त बता दिया और तत्काल में राजा के द्वारा सम्मानित न होने दिया । किन्तु पश्चात् एक दिन श्रीहर्ष वहाँ के एक कूप पर संध्योपासनादि कार्य कर रहे थे उसी समय वहाँ दो व्यक्तियों में किसी कारण से कलह हो गयी । वाद-विवाद के उग्र होने पर जब निर्णय हेतु राजसभा में पहुँचे तो राजा ने उन्हें साक्षी देने को कहा । वहाँ अन्य कोई साक्षी न था । श्रीहर्ष को ही साक्षी रूप से उपस्थित होना पड़ा । राजा द्वारा पूछे जाने पर श्रीहर्ष ने उन दोनों की भाषा की अनभिज्ञता बताते हुए उन दोनों द्वारा उच्चारित वाक्यों को आनुपूर्वी सुना दिया। इस प्रकार की विलक्षण स्मरणशक्ति एवं प्रतिभा को देखकर राजा अत्यन्त प्रसन्न हो श्रीहर्ष को वस्त्राभूषणादि के द्वारा सम्मानित किया ।

वहीं पर श्रीहर्ष ने अपने ग्रन्थ को काश्मीरपुरवासिनी श्रीशारदाम्बा के हाथ में समर्पित किया तो श्रीमाता ने उसे गिरा दिया । श्रीहर्ष के द्वारा प्रार्थना करने पर श्रीमाता ने कहा कि 'तुमने इसमें मुझे विष्णु पत्नी कहकर वर्णन किया है ।' पश्चात् शारदासाक्षात्कारसम्पन्न श्रीहर्ष ने प्रार्थना किया कि – मात: ! आप सर्वात्मा हैं, सभी रूपों से आप ही तो क्रीड़ा करती हैं, आपकी प्रतिज्ञा है 'एकैवाहम्' । अत: विष्णुपत्नी भी आप ही हैं आपसे भिन्न नहीं। दूसरी बात यह है कि मैंने अपने मन से ऐसा वर्णन नहीं किया, भगवान् व्यास ने अमुक पुराण में आपको विष्णुपत्नी कहा है, मैंने उसी को आधार मानकर वर्णन किया है । श्रीमाता भक्त के मुख से यही सुनना चाहती थीं, प्रसन्न हो अपने हाथ में उसे स्वीकार कर लिया ।

व्यक्तित्व : श्री श्रीहर्ष की विशेषताओं के ख्यापन में एक बात कहना पर्याप्त है कि श्रीहर्ष सिद्धसरस्वतीक थे । श्रीचिन्तामणिमन्त्र के आराधना से ये समस्त विद्याओं एवं कलाओं में निष्णात थे । जैसा कि श्रीशारदाकार ने कहा है – 'यदीयचिन्तामणिमन्त्रचिन्तयाजहर्ष हर्ष: परिलभ्यलिप्सितम्' । ये स्वयं ब्रह्मसाक्षात्कार सम्पन्न थे । अतएव कृतकृत्य थे । इस संबन्ध में स्वयं कहते हैं – वस्तुतस्तु वयं सर्वप्रपञ्चसत्त्वासत्त्वव्यवस्थापनविनिवृत्ता: स्वत: सिद्धे चिदात्मनि ब्रह्मतत्त्वे केवले भरमवलम्ब्य चरितार्था: सुखमास्महे' (खण्डन) खण्डन के अन्त में – 'य: साक्षात्कुरुते समाधिषु परब्रह्मप्रमोदार्णवम्' कहा है । यहाँ यह भी ऐतिहासिक वृत्त सुना जाता है कि इसके पहले भी श्री हर्ष ने इसी नाम का ग्रन्थ बनाया था किन्तु तत्कालीन विद्वानों के समझ में कण मात्र भी नहीं आया तब श्रीहर्ष को महामूर्ख कहने लगे। फिर श्रीशारदा का आराधन करके प्रार्थना की तब शारदा ने आदेश दिया कि इसे गङ्गा में विसर्जन करो तुम्हारी बुद्धि को कम करती हूँ फिर बनाओ इसी नाम का ग्रन्थ । उन्होंने वैसा ही किया ।

ग्रन्थ रचना : श्रीहर्ष के द्वारा रचित ग्रन्थ अनेक हैं । जिनमें खण्डनखण्डखाद्य एवं नैषध दो ग्रन्थ उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त ईश्वराभिसन्धि का उल्लेख खण्डन में है किन्तु ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है । किसी प्रकार १. अर्णववर्णन, २. शिवशक्तिसिद्धि,

३. साहसाङ्कचम्पूः, ४. छन्दप्रशस्तिः, ५. विजयप्रशस्तिः, ६. गौडोर्वीशकुलप्रशस्तिः, ७. स्थैर्यविचारणम् । ये सभी ग्रन्थ अनुपलब्ध हैं किन्तु इनका संकेत नैषध के विभिन्न पद्यों में ग्रंथकार ने स्वयं किया है ।

खण्डनखण्डखाद्यम्

प्रकृत ग्रन्थ का नाम खण्डनखण्डखाद्य रखा गया है । इसका दूसरा नाम 'अनिर्वचनीयतासर्वस्वम्' भी है । इस नाम के विषय में स्थूलदृष्टि विचार करने पर यह तथ्य सामने आता है कि यह खण्डनखण्डखाद्य नाम आयुर्वेदीय भाषा से अनुप्राणित है क्योंकि आयुर्वेदशास्त्र के अनुसार 'शतावरी आदि अनेक ओषधियों के योग से एक अवलेह बनाया जाता है जिसका नाम खण्डखाद्य' है ।

चाक्षुष्यं बृहणं वृष्यं माङ्गल्यं प्रीतिवर्धनम् ।
श्रीकरं लाघवकरं खण्डखाद्यं प्रकीर्तितम् ॥

यह 'खण्डखाद्य' दुर्बलता आदि दोषों को दूर कर बलपुष्टि आदि को देता है । यहाँ पर खण्डन अर्थात् कुतार्किकों के तर्क से सिद्ध ब्रह्मातिरिक्त समस्त जगत में मिथ्यात्व-अनिर्वचनीयत्व का साधन ही खण्डखाद्य है । जैसे आयुर्वेदसिद्ध खण्डखाद्य रोग को दूर कर स्वस्थता प्रदान करता है उसी प्रकार यह खण्डनरूप खण्डखाद्य भी ब्रह्मातिरिक्त समस्त जगत में सत्यत्वभावनारूप महारोग को दूर कर स्वात्मविश्रान्तिरूप स्वस्थता को प्राप्त कराता है। अतः इसका नाम खण्डनखण्डखाद्य मानना उचित ही है । अथवा कोशग्रन्थ के अनुसार खण्ड नाम मिश्री के टुकड़े का है । तदनुसार खण्डन अर्थात् परमत निराकरण ही खण्ड अर्थात् मिश्रीखण्ड (मिश्रीखण्ड के समान मधुर) है । वही है खाद्य अर्थात् प्रतिपाद्य जिसका ऐसा ग्रन्थ विशेष 'खण्डनखण्डखाद्य' है ।

वस्तुतस्तु सूक्ष्मदृष्टि से विचार करने पर 'खण्ड्यतेऽपसार्यतेऽज्ञानं येन निरूप्यमाणेनेति-व्युत्पत्त्या खण्डनं तत्त्वम्' इस शारदोक्त पंक्ति के अनुसार खण्डन पदार्थ तत्त्व अर्थात् परब्रह्म ही ठहरता है । तत्त्वं ब्रह्मणि याथार्थ्ये कोश के अनुसार तत्त्वपदार्थ परब्रह्म ही है । वह परब्रह्म ही 'आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्' के अनुसार आनन्दस्वरूप होने से खण्ड (मिश्रीखण्ड) कहा गया । वही है खाद्य = आस्वाद्य जिसमें ऐसे ग्रन्थ का नाम खण्डनखण्डखाद्य है ।

खण्डनखण्डखाद्य यद्यपि वितण्डावाद का ग्रन्थ माना जाता है और वितण्डा स्वपक्ष स्थापनहीना होती है । अतएव इसमें किसी पदार्थ की स्थापना-साधन नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति खण्डनखण्ड ही मुख्य प्रतिपाद्य कैसे कहा जाय । तथापि प्रतिपादन दो प्रकार से किया जाता है – एक विधिमुखेन और दूसरा निषेधमुखेन । श्रुतियों में उभयविध प्रतिपादन देखा

जाता है। 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' यह विधिमुखेन, एवं 'नेहनानास्ति किञ्चन' यह निषेधमुखेन। अतएव भाष्यकार ने ब्रह्म में ज्ञानविषयता का निरास करते हुए कहा है – अविद्याकल्पितभेदनिवृत्तिपरत्वाच्छास्त्रस्य नहि शास्त्रमिदंतया विषयभूतं ब्रह्म प्रतिपिपादयिषति। किं तर्हि प्रत्यगात्मत्वेनाविषयतया प्रतिपाद यदविद्याकल्पितं वेद्यवेदितृवेदनादिभेदमपनयति।' (ब्र. १/४/४)

वितण्डा के लक्षण में विधिमुखेन प्रतिपादन का निषेध किया गया है न कि निषेधमुखेन का। प्रकृति में श्री श्रीहर्ष ने निषेधमुखेन ब्रह्म का प्रतिपादन करने के लिए ब्रह्मातिरिक्त समस्त जगत में मिथ्यात्व अनिर्वचनीयत्व का प्रतिपादन किया है। किन्तु इसका मुख्य उद्देश्य समस्त जगत से विमुख कर स्वाभिन्नपरब्रह्म में विश्रान्त करना ही है। अतएव स्वस्वरूपविश्रान्तिरूप मोक्षप्रयोजनकत्व भी इस ग्रन्थ में सिद्ध होता है। वेदान्तदर्शन की दृष्टि से अनिर्वचनीयत्व मात्र की सिद्धि को ही प्रयोजन नहीं कहा गया है। अत: प्रकृत ग्रन्थ के तन्मात्रपरकत्व होने से निष्प्रयोजनत्वापत्ति हो जायेगी।

ग्रन्थकार ने वस्तुतस्तु स्वात्मसिद्धमेव चिद्रूपम् कहकर ब्रह्म स्वत: ही सिद्ध है उसे सिद्ध करने की आवश्यकता ही नहीं है इस वस्तुस्थिति को स्पष्ट कर दिया। भाष्यकार भी कहते हैं – सर्वोह्यात्मास्तित्वं प्रत्येति न नाहमस्मीति। यदि हि नात्मास्तित्वप्रसिद्धि: स्यात् सर्वोलोको नाहमस्मीति प्रतीयात्। आत्मा च ब्रह्म (ब्र. १/१/१) इति। अत: उसमें विश्रान्त करने हेतु तदतिरिक्त का निराकरण करना (अनिर्वचनीयतावाद दिखाना) ही आवश्यक समझा। ग्रन्थकार श्रीहर्ष ने ब्रह्मातिरिक्त पदार्थों में अनिर्वचनीयंता को भी बलपूर्वक थोपा नहीं है। अपितु वह पदार्थ स्वभाव से ही अनिर्वचनीय है यह दिखाया मात्र है। ग्रन्थकार स्पष्ट कहते हैं – "यदपि निर्वक्तुमसामर्थ्ये गु:ख उपास्यन्ताम् येभ्यो निरुक्तय: शिक्ष्यन्ते इत्युपालम्भवचनं तत्तदा शोभेत यदि मेयस्वभानुगामिनीयमनिर्वचनीयतेति न ब्रूयु: वक्तृदोषादिति च वदेयु:। यस्तु निरुत्त्यभिमानं धत्ते स निर्वक्तुं न तु शक्ष्यति, वक्तव्यदोषात्" इति।

"परस्य व्यवस्थयैवं पर्यवस्यति-निर्वचनप्रतिक्षेपादनिर्वचनीयत्वम्। विधिनिषेधयोरेकतरनिरासस्येतरपर्यवसायितायास्तेनाभ्युपगमात्। तत: परकीयरीत्येदमुच्यते – "अनिर्वचनीयत्वं विश्वस्यपर्यवस्यति।" वह एक ब्रह्म तत्त्व ही ऐसा है जिसका निराकरण किया ही नहीं जा सकता – यह "आत्मनश्च प्रत्याख्यातुमशक्यत्वात्, य एव निराकर्ता तस्यैवात्मत्वात्" इस भाष्योक्ति से सिद्ध है अत: पादिशेष्यात् उसमें विश्रान्त ही होना है। तस्मात् यह ग्रन्थ मुख्यप्रयोजन का साधक है।

ग्रन्थ : प्रकृत ग्रंथ में चार परिच्छेद हैं – इनमें प्रथम परिच्छेद के आरम्भ में अवतरण भाग है। इसमें – सत्वेन प्रमाणाद्यभ्युपगम में कथाङ्गत्वखण्डन, शून्यतोत्सर्ग, असत: कारणत्वोपपत्ति: शून्यवादापवादस्वप्रकाशवाद, अनिर्वाच्यत्वनिरुक्ति:, परीत्या परमत निरासोपपत्ती, अद्वैत प्रमाण प्रश्न खण्डन, अद्वैतस्य प्रामाणिकत्वम् तथा प्रत्यक्षादिबाधोद्धार आदि विषयों का प्रतिपादन है। उसके बाद लक्षण सामान्य का खण्डन, प्रमा के समस्त

लक्षणों का खण्डन एवं करणों के समस्त लक्षणों का खण्डन कर प्रत्यक्षादि समस्त प्रमाणों का खण्डन तथा अन्त में हेत्वाभासों का खण्डन आदि प्रमुख विषयों को प्रस्तुत किया है ।

द्वितीय परिच्छेद में प्रतिज्ञाहान्यादिनिग्रहस्थानों का खण्डन, तृतीय परिच्छेद में सर्वनामार्थनिरुक्तियों का खण्डन एवं चतुर्थ परिच्छेद में भावत्व अभावत्व विशिष्टद्रव्यादिलक्षण सामान्य विशेष सम्बन्ध आधार विषयविषयीभावभेदकारणत्ववर्तमानत्वादिसंशय विरोधतर्कसामान्य तर्कविशेष एवं तर्काभासादि समस्त पदार्थो का खण्डन किया गया है ।

खण्डन की टीकाएँ : खण्डनखण्डखाद्य पर अनेक विद्वानों ने टीका की है, जिनका विवरण निम्न प्रकार से है –

	टीका	*टीकाकार*
१.	भावदीपिका	चित्सुखाचार्य
२.	खण्डनफक्किकाविभजन	आनन्दपूर्ण विद्यासागर
३.	प्रकाश	वर्धमान उपाध्याय
४.	आनन्दवर्धनी	शङ्कर मिश्र
५.	भूषामणि	रघुनाथ शिरोमणि
६.	शिष्यहितैषिणी	पद्मनाभ
७.	खण्डनदर्पण	प्रगल्भमिश्र
८.	खण्डनमण्डन	वरदपण्डित
९.	खण्डनटीका	पद्मनाभदत्त
१०.	खण्डनटीका	शुभङ्कर
११.	शारदा	श्री स्वामि शङ्करचैतन्यभारती
१२.	खण्डनरत्नमालिका	सूर्यनारायण शुक्ल
१३.	अंग्रेजी अनुवाद	श्री गङ्गानाथ झा
१४.	हिन्दी व्याख्या	चण्डी प्रसाद शुक्ल
१५.	हिन्दी व्याख्या	हनुमान प्रसाद षट्शास्त्री
१६.	हिन्दी व्याख्या	स्वामि योगीन्द्रानन्द

टीकाकार :

प्रस्तुत प्रकाशन में प्रकाशित "शारदा" नाम से प्रसिद्ध टीका के रचयिता प्रातः स्मरणीय पूज्यपाद स्वामी श्री श्रीशङ्कर चैतन्य भारती जी हैं ।

यद्यपि श्री पूज्य चरणों के द्वारा ही उनके जीवन काल में संघटित अनेक चमत्कार

रहस्यों के उद्घाटन के लिए मैं प्रतिद्धि हूँ । तथापि तदातिरिक्त ऐतिहासिक दृष्टि से उपयोगी अति संक्षिप्त कुछ बातों का मैं उल्लेख करता हूँ ।

स्वकीय निर्वाणतिथि से लगभग छः मास पूर्व श्रीचरणों ने ही किसी प्रसङ्ग में कहा था कि "मेरे जीवन के ४२ (बयालिस) वर्ष व्यतीत हो गये, अतः शरीर परित्याग की इच्छा होती है, अधिक जीने से क्या लाभ है ।" श्री चरणों के इस कथन के अनुसार ही निर्वाणतिथि से पूर्वकाल गणना करने पर श्री चरणों का आविर्भाव काल १९१५ या १९१६ ई. के लगभग ठहरता है । काश्मीर प्रान्तीय ग्राम विशेष के किसी विप्रकुल में आपका जन्म हुआ । बाल्यकाल से ही आप विलक्षण प्रज्ञासम्पन्न थे । आपने प्रारम्भिक विद्या का अध्ययन जम्मू-नगर के श्री रघुनाथसंस्कृतमहाविद्यालय में किया, तदनन्तर आप वाराणसी में आ गये, और वाराणसी में ही न्याय-वेदान्तादि समस्त शास्त्रों का अध्ययन सम्पन्न किया। चिन्तामणिमन्त्रसमुपासनसंतुष्ट श्री शारदाप्रसादलब्धशेमुषीक आचार्यचरण ने शीघ्र समस्त साङ्गोपाङ्ग निगमागम शास्त्रों में लोकोत्तर वैदुष्य नैपुण्य प्राप्त कर लिया इसमें श्री आचार्यचरण द्वारा निर्मित ग्रन्थ ही प्रमाणभूत है ।

इनके संन्यासगुरु श्री विश्वरूपाचार्य (श्री सुरेश्वराचार्य) भारती थे क्योंकि उन्हीं के नाम से आपने संन्यास लिया था । संन्यासी सम्प्रदाय में यह प्रथा (नियम) आज भी प्रचलित है कि जिसके नाम से संन्यास लिया जाता है वे ही उनके मुख्य गुरु माने जाते हैं । अतएव आचार्यचरण भारती पदवीक थे ।

विद्याभारेण सम्पूर्णः सर्वभारं परित्यजन् ।
दुःखभारं न जानाति भारती परिकीर्त्यते ॥

यह भारती पदवी श्री चरणों की अन्वर्थ थी । अतएव श्री पूज्य चरण ने –

यदीयवाचं विमलां जयोद्भटामवेत्य तर्कैर्नरिनर्तिभारती ।
चिदेकतानात्मना निरञ्जनः स विश्वरूपो विमलीकरोतु नः ॥

इस प्रकार शारदा के उपक्रम में एवं

सादरं तं नमस्कुर्वे विश्वरूपं तु भारतीम् ।
पादाम्बुजेषु यस्यासन् शिष्यालयः समन्ततः ॥

इस प्रकार ख्यातिवाद के उपक्रम में श्री सुरेश्वराचार्य जी को बड़े ही आदरपूर्वक प्रणति अर्पित की है ।

आपका संन्यासदीक्षासंस्कार पूज्य स्वामी श्री जयेन्द्र पुरिजी महाराज के द्वारा सम्पन्न किया गया था अतः उन्हें भी आचार्य चरण ने –

शमं यदीयं परिचिन्त्य कोविदा जयन्तिशाम्यन्मनस परेस्थिताः ।

स शान्तधाम्नां निवहो दयावहो दिशन्परां पातु जयेन्द्र शब्दितः ॥

इस पद्य से सादर प्रणामाञ्जलि अर्पित की है । आपके ही द्वारा रचित –

शोभा न द्वैतशून्ये परमसुखतया श्रूयमाणेऽपि देवे,
विद्यामाद्यां विना यां सकलसुरनुतां साऽपि येषां प्रसादे ।
इजासाम्राज्यभाजोऽगणितगुणगणाञ्शम्भुभावाद्भुतांस्तान्,
श्री विद्यानन्दनाथान् द्रविड़यतिवरान् मन्महे नादरैः कैः ॥

इस पद्य से ज्ञात होता है कि आप श्री विद्यानन्दनाथ के द्वारा पद्धतिविशेषादि के उपदेश को प्राप्त कर स्वात्मभूत चितिचरणार्थन में नियोजित किये गये थे ।

कुछ काल आप कनखल क्षेत्र में भगवती भागीरथी के पवित्र तट पर रहे । तदनन्तर स्वामी श्री अखण्डानन्दजी के सानुनयनिवेदन को स्वीकार कर कुछ समय पञ्चवटी (नासिक) में रहकर दिल्ली के पास श्री शुक्रताल में आ गये । वहाँ कुछ दिन निवास करने के पश्चात् आप भगवान् विश्वनाथ की राजधानी महाक्षेत्र श्रीकाशीधाम में आ गये, और यहीं ललिताघाट पर स्थित श्रीराजराजेश्वरी मठ में यावज्जीवन निवास किये । यहाँ आने के बाद कहीं भी नहीं गये। यहीं रहकर आपने अनेक विशिष्ट ग्रन्थों की रचना की, जिनमें खण्डनखण्डखाद्य की शारदा टीका, राजहंस, दर्शनसर्वस्व (मौलिकग्रन्थ) उसकी टीका राजहंस एवं ख्यातिवाद (मौलिक) विद्वज्जनसमाज में लब्धप्रतिष्ठ ग्रन्थ प्रमुख है ।

आपके सर्वविध अनुग्रह पात्र प्रमुख शिष्य मेरे आराध्य देव स्वामी श्रीशिवशङ्करचैतन्य भारती जी महाराज हैं । श्री परमाचार्यचरण ने न केवल इन्हें प्रायः समस्तशास्त्र शिक्षा एवं संन्यास दीक्षा ही दी, अपितु अध्यात्मोपासनादिरहस्यविद्यादि में भी सुप्रतिष्ठित कर स्वात्मसात् कर दिया ।

इनके अतिरिक्त अध्यापनादिशिक्षादि द्वारा अनेक महात्मावृन्द विद्वज्जन श्री चरणों में अनुग्रहके भाजन बने । जिनमें निम्नलिखित विशेषतया संस्मरणीय हैं – परमपूज्य विरक्तशिरोमणि स्वा. श्री दयालुपुरीजी महाराज, परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वा. श्री गणेशानन्द जी महाराज (शिवमठ वाराणसी), म.म. स्वामी श्रीगणेशानन्दजी महाराज (कनखल, हरिद्वार), आवाहनपीठाधीश्वर म.म. स्वा. श्री अखण्डानन्द जी महाराज (पञ्चवटी, नासिक), निर्वाणपीठाधीश्वर म.म.स्वा. श्री कृष्णानन्दजी महाराज, म.म. स्वा. श्री महेश्वरानन्द जी महाराज (बम्बई), म.म. श्री स्वरूपानन्द जी महाराज, विरक्त स्वा. श्री दयानन्द जी महाराज, स्वा. श्री पूर्णानन्द जी महाराज, स्वा. श्री दीव्यानन्द जी महाराज, स्वा. श्री प्रकाशानन्द जी महाराज, स्वा. श्री गोपालानन्दजी महाराज, पण्डित प्रवर नैयायिकधुरन्धर श्री केशव मिश्र, पूर्वअध्यक्ष न्या. वै. विभाग सं.सं. वि.वि., वाराणसी, पण्डित प्रवर श्रीकेदारनाथ त्रिपाठी दर्शनविभागाध्यक्षचर, प्रा.वि.सं, का.हि.हि.वि., वाराणसी इत्यादि ।

यह अत्युक्ति नहीं है अपितु वस्तुस्थिति है कि "ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति" इस उक्ति के अनुसार ब्रह्मवेत्ता होने से तथा 'वासनाशून्यसंविद्' इस लक्षण के अनुसार सर्वविध वासनाशून्य होने से शारदाकार श्री श्रीआचार्यचरण साक्षात् शिवरूप थे । इनके संबन्ध में विद्वद्धौरेयों के द्वारा कुछ पद्यकुसुमाञ्जलि दी गयी है जिन्हें यहाँ उद्धृत कर रहा हूँ –

श्रीशारदाख्यविषमाद्भुतटीकया यः ग्रन्थं व्यभूषयत्खण्डनखण्डखाद्यम् ।
चैतन्यभारतिपदान्वितशङ्कराख्यो वैराग्यमूर्तियतिराडभवत्तपस्वी ॥ १॥

टीकां यो विमलां सदा सुविषमां श्रीहर्षमिश्रैः कृते
ग्रन्थे खण्डनसंज्ञकेऽतिकठिने सर्वार्थसम्पत्करीम् ।
सञ्चक्रेकृतसम्मतिं बुधवरैः श्रीबालकृष्णाभिधैः
वन्दे तं सततं यतीशविदितं श्रीशङ्करं सद्गुरुम् ॥ २॥

तर्के यं प्रवदन्ति तर्करसिकाः साक्षादयं गौतमः ।
योगे योगविदः पतञ्जलिरिति प्रायेण संचक्षते ।
सांख्येसांख्यविशारदाश्च कपिलं ज्ञानाकरं सञ्जगुः ।
वेदान्ते विदुषां गणो गुरुवरं व्यासोऽयमित्याह यम् ॥ ३॥

मीमांसानतमस्तकान् गुरुमतं स्वीकुर्वतो नित्यशः ।
भट्टाचार्यपदानुगांश्च नितरां मीमांसया मांसलान् ।
कुर्वन्तु यतिपुङ्गवं सुमनसो यं जैमिनिं मेनिरे,
वन्दे तं सततं यतीशविदितं श्रीशङ्करं सद्गुरुम् ॥ ४॥

त्यागे यस्य शुकोऽपि याति लघुतां योगीशवन्द्यो ध्रुवम् ।
वार्ता केतरयोगिनां त्रिभुवने प्रख्यातिमालिंगताम् ।
श्रीविश्वेशपदारविन्दनिरतं शान्तं प्रदान्तं प्रभुं,
वन्दे तं सततं यतीशविदितं श्रीशङ्करं सद्गुरुम् ॥ ५॥

निबन्धं राजहंसं यो वेदान्तार्थप्रकाशकम् ।
तथा दर्शनसर्वस्वं रचयित्वान्वकम्पत ॥ ६॥

अपि च

कन्दर्पः प्रौढदर्पः पथिककुलवधूप्राणसंवर्तकारी
यान्यादायोरूमोहादगणितनियमं विश्वमंधी करोति ।

तैः पुष्पैरेव येषां प्रणतचरणयोः पूजनं संविधत्ते ।
तेषां श्रीभारतीनां पततु मयि चिरं कोऽपि कारण्यलेशः ॥
हस्ताभ्यामनुमन्यते चरणयोर्विस्पष्टमाभासते
द्वैतं दृश्यत एव सम्प्रति जनैर्नेत्रद्वयेऽपि स्थितम् ।
चित्तं हन्त परन्तु यस्य विमलं स्प्रष्टुं न शक्नोति तत् ।
सोऽयं शङ्करचेतनः स भगवान् वाचा कथं वर्ण्यताम् ।
गाम्भीर्येऽपि समुन्नते द्विजवरैरासेवितत्वात्मनां
द्वैतोत्तापनिवर्हणेऽतिनिपुणं निष्पन्नहंसग्रहम् ।
योगाध्वाध्वगतिं गतस्य भवतः प्राग्जन्मपापोदयान्
मन्ये हन्त मया प्रमत्तमतिना विक्षोभितं मानसम् ॥
औद्धत्यं मनसोऽथवास्तु वचसः स्वाभाविकं नात्मनो
नागन्तोः किल दुर्गुणस्य दलनं दुस्साध्यमालोक्यते ।
चित्तस्यास्य विशुद्धये सरजसः कृत्वोपवासद्वयम्,
तत्पापं परिमार्जितुं प्रयतते कश्चिद्विधेयस्तव ॥
अज्ञानौघमलीमसेन मनसा ज्ञातुं न शक्ता वयं,
प्रायश्चित्तविधिं यतोऽतिगहनं वेदैकवेद्यं परम् ।
स्वाध्यायाध्वरदीक्षितेन च मया कौमारिलं दर्शनं,
प्रागेवावगतं परं तदधुना निर्बाधमध्याप्यते ॥
कारुण्यं भवतः पुनर्यदिभवेत्संवत्सराणां त्रयम्
शिष्यस्ते भविताऽयमुन्नतमना कश्चिन्मुमुक्षुर्जनः
आविष्टा तरणिः समुद्रमतलं मध्ये कथं मज्जनं
वक्तव्यं किमतः परं खलु मया विश्वस्य साक्षीभवान् ।
तस्मात्खण्डनखण्डखाद्यपठने वद्धाभिलाषश्चिरात्
त्वां भूमितलचुम्बिनार्यशिरसा कश्चित्क्षमां याचते ।
वाणी साकलिता मया कणभुजो वात्स्यायनीया तथा
नीता एव समापनं च किमती सांख्येऽपि संख्याकृता
सदयहृदयदाहैः पातकाक्रान्तचेतास्तवचरणसरोजं प्राप्तवान् दीनदीनः
कथमपि दयनीयः क्षीणदोषोऽनुतापादिति विरमति कश्चिच्छात्रविज्ञानप्रार्थी ।

सन् १९५८ ई. में आषाढ कृष्णद्वादशी शनिप्रदोष के दिन आचार्यचरण ने अपने अवच्छेदक पाञ्चभौतिक शरीर का परित्याग कर स्वस्वरूपभूत परब्रह्म में प्रलीन हो गये ।

उस दिन मध्याह्न में २ बजे ही आप समाधिस्थ हो गये थे । उसी समाधि अवस्था में कुछ लोगों को शरीर परित्याग का भ्रम हो गया, क्योंकि उस अवस्था में समस्त शरीर में प्राणों

का संचार अवरुद्ध था। किन्तु परमपूज्य श्रीस्वामीजी महाराज (वर्तमान भारती जी) उस समय वहीं उपस्थित थे, वे स्पष्ट कह रहे थे कि "इस समय श्रीचरण समाधिस्थ हैं" उसी समय ज्ञात होने पर म.म. गोपीनाथ कविराज भी एक चिकित्सक (डॉक्टर) को साथ ले वहाँ आये और श्री चरणों का दर्शन किया तथा चिकित्सक को श्रीचरणों को देखने हेतु संकेत किया।

चिकित्सक ने आला द्वारा परीक्षण कर कहा "शरीर के नीचे भागों में प्राणों का संचार तो नहीं है किन्तु मुखमण्डल पर तेजपुञ्ज सा भासित होता है जहाँ हमारी एवं यन्त्र (आला) की गति नहीं है। म.म. गोपीनाथ काशीराज ने भी श्रीचरणों के समाधिस्थ होने की बात को स्वीकार किया।

पश्चात् उसी दिन रात्रि में करीब नौ बजे श्रीचरणों का किञ्चित् प्राण सञ्चार हुआ और तत्काल ही श्रीचरणों ने शिरोद्वार से प्राणों का विसर्जन किया। शिरोद्वार से प्राणों के विसर्जन की बात का तत्कालीन उपस्थित प्रायः २५ सज्जनों ने प्रत्यक्ष दर्शन किया। अतः इस प्रकार महायोगी ने परब्रह्मस्वरूप श्री आचार्य चरणो ने अपने अवच्छेदक शरीर का परित्याग किया यह तत्कालीन उपस्थित प्रायः सर्वजनविदित है।

शारदाटीका :

"खण्डनखण्डखाद्य" ग्रन्थ पर अनेक टीकाओं का उल्लेख किया जा चुका है। उन सभी टीकाओं में शारदा का अपना एक विशिष्ट स्थान है। कुछ टीकाएँ तो सम्पूर्ण ग्रन्थ पर उपलब्ध नहीं है। जो उपलब्ध हैं उनमें भी कुछ अतिसंक्षिप्त हैं। जो कुछ विस्तृत भी हैं तो वे नव्यन्यायोक्त कर्कसतर्कों का साक्षात् सामना स्पष्टरूप से नहीं करती है।

यह सर्वविदित है खण्डननिर्माणकाल में नव्यन्याय का आविर्भाव न था। अतएव मूलखण्डन में प्राचीन न्यायोक्तदिशा उक्त पदार्थों का उसी रीति से निरास किया गया है। अतएव परवर्ति नव्यनैयायिकों ने खण्डनोक्तयुक्तियों के निरास का प्रयास करते हुए "खण्डनाकाराः परास्ताः" कह दिया। किन्तु शारदा में उन सभी परवर्ति तार्किकों के तर्कों का विधिवत् उत्तर दिया एवं सबको निरस्त किया। साथ ही कुछ खण्डन के ही टीकाकार जो न्याय वासना से वासितान्तःकरण होकर खण्डन को देखते थे उनको सुशिक्षित किया यत्तु इत्यादि शब्दों के द्वारा, यह अनुसन्धाताओं को विशेष अनुसन्धानवेला में व्यक्त हो जायेगा।

वस्तुतस्तु टीकाओं में शारदा ही खण्डनग्रन्थ के अनुरूप ठहरती है। खण्डन का काठिन्य सुप्रसिद्ध है। स्वयं ग्रन्थकार ने भी –

ग्रन्थग्रन्थिरिह क्वचित्क्वचिदपि न्यासि प्रयत्नान्मया
प्राज्ञम्मन्यमना हठेन पठिती मास्मिन् खलः खेलतु
श्रद्धाराद्धगुरुश्लथीकृतदृढग्रन्थिः समासादय-
त्वेत्तर्करसोर्मिमज्ञनसुखेष्वासञ्जनं सज्जनः"

इस पद्य के द्वारा अपने खण्डनग्रन्थ की दुरूहता को व्यक्त किया है। इसी प्रकार

शारदा भी तदनुरूप ही कठिन मानी जाती है । इसके काठिन्य का एक यह भी कारण है कि- खण्डन सामान्यत: चतुर्विध होता है- १. दार्शनिक, २. आनुभविक, ३. पारिष्कारिक एवं ४.केवलवैतण्डिक । इन चारों ही प्रकार का समावेश शारदा में उपलब्ध है । शारदा में इन चारों प्रकारों का अनुसरण करते हुए नव्यन्याय के आविष्कर्ता से आरम्भ कर अन्य सभी प्रमुख न्यायाचार्यों की उक्तियों का उन्हीं की भाषा एवं सरणि में प्रौढयुक्तियों के द्वारा खण्डन प्रस्तुत किया गया है । अतएव इसका नाम शारदा यह सार्थक है । शारदाकार स्वयं कहते हैं कि – "खण्डनग्रन्थस्य प्राचीनन्यायादि खण्डनपरस्यनव्यन्यायाद्यध्येतृदृष्ट्या प्रसक्तं शारं = दोषै: कर्बुरत्वं कालुष्यमिति यावत् द्यति खण्डयतीतिव्युत्पत्ते: । किञ्च खण्डनग्रन्थस्य शारं = हृदयं ददाति = प्रकाशयति तस्मिन् स्फूर्तिं स्वातन्त्र्यं वा वितरतीति ।" अतएव शारदा अपने कलेवर की दृष्टि से भी अत्यन्तविस्तृत है । म.म. श्रीबालकृष्णमिश्र खण्डन मूल पढ़ाते समय नव्यन्याय दृष्टि से खण्डनमूल पर अनेक दोषों का उद्भावन करते थे किन्तु शारदा को देख कर उद्भावित समस्त दोषों के समाधान को सहर्ष स्वीकार कर लिया । तथा श्रीचरणों के निमित्त अत्यन्त प्रशंसापरक पत्र भी उन्होंने लिखा था । अतएव यह उचित ही कहा है कि–

टीकातु शारदा टीका सर्वमन्यत्तु टीकनम् ।
सैवोपास्या प्रयत्नेन गुरुशक्तिर्हि सामता
गुरुशक्तिस्वरूपत्वाद्ध्येया स्वान्तेसुधीजनै: ॥

शारदा के वैशिष्ट्य से सुधीजन सुपरिचित हैं अत: इसके सम्बन्ध में अधिक कहना अनावश्यक है । यह भी ध्रुव सत्य है कि यदि कोई मुमुक्षुजन शारदा सहित खण्डन को सम्यक्रूपेण आत्मसात् कर लेगा तो उसका चित्त समस्त प्रपञ्च से विरत अनाशक्त होकर अन्त में परमविश्रान्तिधाम स्वात्मभूत परमात्मा में ही विश्रान्त होगा और वह मुक्त हो जायेगा।

कृतज्ञताप्रदर्शनम् :

सर्वप्रथम मैं मेरे परमगुरु पूज्यपाद साक्षात् शिवस्वरूप शारदाकार स्वामी श्री शङ्करचैतन्य भारती जी महाराज के श्री श्री चरणारविन्दों में साष्टाङ्गदण्डवत् प्रणति निवेदन करता हूँ । साथ ही मैं अपने सद्गुरु परमपूज्य परमादरणीय विदितवेदितव्य स्वामी श्री शिवशङ्करचैतन्य भारती जी महाराज के श्री श्रीचरणों में साष्टाङ्गदण्डवत्प्रणति निवेदन करता हूँ जिनके आदेश से मैं इस अत्यन्त दुरूह कार्य में प्रवृत्त हुआ तथा शारदानुसार खण्डनखण्डखाद्य प्रथमभाग के अनुवाद करने में समर्थ हो पाया । जिनके श्रीचरणों में बैठकर मैंने व्याकरणन्याय वेदान्त इत्यादि शास्त्रों का अध्ययन किया । मेरे पास जो कुछ ज्ञान सम्पदा है उनके कृपाकटाक्ष का ही फल है । एवं जिनके सम्बन्ध में स्वयं शारदाकार ने मेरे से स्पष्ट शब्दों में यह कहा था कि "प्रतिकृतिरियं मदीया, तदवच्छेदेनाहमेव त्वामध्यापयिष्ये"। मैं पुन: उन दोनों शिवमूर्तियों के अधमर्णताको यावज्जीवन वहन करता हुआ पुन: श्री चरणों में अपना प्रणति अर्पित करता हूँ ।

इसके अनन्तर मैं शारदाकार श्री श्री चरणों के द्वारा अनुगृहीत उस माता श्रीमती दुर्गादेवी के श्रीचरणों में सादर सविनय प्रणति निवेदन करता हूँ । जिनके वात्सल्य स्नेह से मैं सदैव लालित एवं परिपालित रहा । साथ ही इस अवसर पर मैं इस शरीर के जन्मदाता भगवान् श्रीविश्वनाथ के अनन्य भक्त पिता श्री पं. जगदीशचन्द्र मिश्र तथा पूजनीया जननी श्री बाईवच्ची देवी का स्मरण करता हूँ तथा उन दोनों के श्रीचरणों में मैं अत्यन्त विनीत भाव से प्रणति अर्पित करता हूँ ।

इसके अनन्तर मैं परमपूजनीय परमादरणीय विरक्तशिरोमणि सनातन धर्मसभा आदि अनेक संस्थाओं के संरक्षक एवं अध्यक्ष म.म. स्वामी श्रीगणेशानन्दजी महाराज के श्री चरणों में सादर सविनय प्रणति अर्पित करता हूँ जिन्होंने मुझे वर्तमान में दुर्लभ शारदा टीका के सहित-खण्डनखण्डखाद्य का श्रीशारदानुसारि भाषानुवाद के साथ सम्पादन करने का न केवल आदेश ही दिया, अपितु इसके सम्पादन का समस्त व्ययभार भी वहन कर मुझे अनुगृहीत किया है । साथ ही आप श्रीशारदाकार के स्नेह भाजन शिष्य हैं अत: अपने आराध्यदेव श्रीसद्गुरु की कृतियों का प्रकाशन कराकर शिष्टजनानुमोदित अपनी गुरुसेवा तथा गुरुभक्ति को प्रदर्शित कर तादृश पथ पर चलने हेतु मादृश जनों को पथ प्रदर्शन करके अनुगृहीत करते हैं । मैं एतदर्थ पुन: पुन: आप की कृतज्ञता को शिरसा वहन करता हूँ ।

इसके अनन्तर मैं इस ज्ञानयज्ञ में प्रूफ संशोधनादि द्वारा सहयोग प्रदान करने वाले स्वामी श्रीदीव्यानन्द जी श्रीप्रज्ञानानन्द सरस्वती, डॉ. श्री ललितकुमार चतुर्वेदी, डॉ. जगदीश चतुर्वेदी आदि का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ तथा भगवान् से इनके सर्वविध अभ्युन्नति की कामना करता हूँ ।

इस ग्रन्थ का मुद्रण कार्य में तथा प्रूफ संशोधन में भी सहयोग प्रदान करने वाले श्रीमहेश कुमार का भी मैं सहर्ष धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने मनोयोग के साथ इस कार्य को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान किया ।

आत्म निवेदन : भगवान् श्री श्रीविश्वेश्वर के अनुग्रह से शारदानुसारिभाषानुवाद सहित एवं एवं सराजहंस शारदासहित खण्डनखण्डखाद्य के प्रथम भाग का यह नूतन संस्करण पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मैं अपार हर्ष का अनुभव कर रहा हूँ एवं आशा करता हूँ कि इस का द्वितीय भाग भी शीघ्र ही आपके समक्ष आयेगा । यद्यपि प्रस्तुत ग्रन्थ के अतिशय गाम्भीर्य एवं काठिन्य को देखते हुए उसके भाषानुवाद के लिए मादृश अत्यल्पमति का प्रवृत्त होना निश्चित ही दु:साहसमात्र है तथापि "नहि कल्याणकृत्कश्चित् दुर्गतिं तात गच्छति" इस पारमेश्वरवचन के अनुसार अनुग्रहैकवपु परमगुरु परमात्मा की यत्किञ्चित् टूटी फूटी सेना भी मादृश अकिञ्चन के लिए श्रेयस्करी सिद्ध होगी । इसी मनीषा से मैं प्रवृत्त हुआ । इसमें सीमित ज्ञान एवं अत्यधिक समय संकोच होते हुए भी संशोधन का यथाशक्ति पर्याप्त ध्यान रखा गया है फिर भी यदि कहीं त्रुटि रह गई हो तो उसके लिए मैं विद्वज्जनों से क्षमा प्रार्थी हूँ ।

यदि इससे मुमुक्षु परमार्थपथ पथिक पाठक वृन्द का यत्किञ्चित भी लाभ होगा तो मैं अपना सौभाग्य मानूँगा, साथ ही निवेदन करता हूँ ।

यदत्र सौष्ठवं किञ्चित्तद्गुरोरेव मे नहि।
पदत्रासौष्ठवं किञ्चित्तन्ममैव गुरोर्नहि॥

समर्पणम् : अन्त में इस यत्किञ्चित् सेवा को अनुगैहकवपु विश्वमयविश्वोत्तीर्ण-सच्चिदानन्द स्वरूप श्री विश्वनाथ के श्रीचरणारविदों में अर्पित कर नतमस्तकतया अतिविनीतभावेन प्रार्थना करता हूँ। कि

श्रीविश्वेश ! मया किञ्चिच्छक्यते न हि साधनम्
इयं तु वाङ्मयीपूजा कारिता स्वीकरोतु ताम्।
कृतकृत्यस्य तृप्तस्य तव किंक्रियते मया
बहिर्वाभ्यन्तरे वापि त्वया भावोहि गृह्यते । इतिशिवम्

गुरुपूर्णिमा सं २०५६ — सतामनुचरः
२८.७.९९ — **सुधांशुशेखरशास्त्री**



महाप्रकाशवपुषि काशिकायां महाप्रभुः ।
शङ्कराख्यं परं ज्योतिर्विश्वनाथो विराजते ।।

ॐ

'शारदा'समेतस्य प्रत्यक्षखण्डनान्तभागस्य
संक्षिप्ता विषयानुक्रमणिका

विषयः	पृष्ठं
मङ्गलम्	१
शाब्दबोधस्य निर्विकल्पकत्वसमर्थनादिकम्	५
सत्वेन प्रमाणाद्यभ्युपगमस्य कथाङ्गत्वखण्डनम्	**१८**
सपरिकरविप्रतिपत्तिनिरूपणम्	१८
चार्वाकस्यासत्ख्यातिवादित्वोपपादनम्	१९
भ्रमविषयस्योत्पत्तेरुपवर्णनम्	५०
शून्यतोत्सर्गः	**६५**
आत्मनोऽनिर्वाच्यतोपपादनम्	६५
शून्यतायाः पुरुषार्थत्वनिरूपणम्	६६
शून्यवादे कार्यकारणभावसमर्थनम्	६९
सामग्र्या दुर्वचत्वम्	७१
असतः कारणत्वोपपत्तिः	**७४**
विधेयान्वयिन एव विशेषणत्वमित्यत्रानेकसम्मतिप्रदर्शनम्	७५
कारणत्वस्य सत्त्वघटितत्वाभावोपपादनम्	८१
असद्घटसिद्धिः	८३
प्रातिभासिकस्यापि कारणत्वमिति वेदान्तिमतनिरूपणम्	९०
व्यावहारिकस्यैव कारणत्वमितिवेदान्तिमतनिरूपणम्	९२
भ्रमस्यासद्विषयकत्वोपपादनम्	१००
शून्यवादापवादः स्वप्रकाशवादः	**१०५**
आत्मनोऽबाध्यत्वोपपादनम्	१०५
शून्यतायाः पुरुषार्थत्वनिराकरणम्	१०७
स्वप्रकाशत्वनिरुक्तिः	१०८
स्वप्रकाशत्वे तर्कः	१०९
सामग्रीधाराविच्छेदे घटादेःसदातनत्वापादनम्	१२७

विषयः	पृष्ठं
मानाधीनसिद्धिकस्यैवासत्त्वं नतु स्वतःसिद्धिकस्येत्युपदर्शनम्	१३३
कर्मत्वखण्डनम्	१३७
योगाचारसम्मतस्वप्रकाशत्वत्यागः	१४९
अनिर्वाच्यत्वनिरुक्तिः	**१५७**
भ्रमविषयस्यालीकविशेषत्वमिति वेदान्त्येकदेशिमतनिराकरणम्	१५८
खण्डनानां जात्युत्तरत्वाभावोपपादनम्	१६०
सदसदुभयख्यातिः श्रीहर्षसम्मतेति नागेशभट्टोक्तिपराकरणम्	१६५
पररीत्या परमतनिरासोपपत्तिः	**१६५**
अद्वैते प्रमाणप्रश्नखण्डनम्	**१६९**
अद्वैतस्य प्रामाणिकत्वम्	**१७८**
श्रुतेः सिद्धार्थस्य च प्रामाण्यम्	१८०
प्रत्यक्षादिबाधोद्धारः	**१८४**
अद्वैतश्रुतेरभेदो वा प्रपञ्चमिथ्यात्वं वाऽर्थइति निरूपणं	१८४
विशिष्टाद्वैतादिनिराकरणं	१९७
शाब्दबोधस्याहार्यत्वोपपादनम्	२१३
अनौचित्यास्तर्कत्वोपपादनम्	२१६
भेदखण्डनम्	२२५
सत्यत्वानुमानेऽनुगतपक्षतावच्छेदकासम्भवोपपादनम्	२६२
अद्वैतश्रुतेरुपजीव्यादिविरोधपरिहारः	२६४
अद्वैतस्वरूपनिरूपणम्	**२७१**
मुमुक्षूपदेशः	**२७५**
खण्डनयुक्तीनां कथात्रयेऽप्युपयोगः	**२८३**

इति खण्डनावतरणभागः ।

विषयः	पृष्ठं
लक्षणसामान्यखण्डनम्	**२८९**
तत्त्वपदार्थखण्डनम्	**२९५**
अनुभवत्वस्य जातित्वखण्डनम्	**३०६**
प्रत्यभिज्ञायामनुभवत्वस्मृतित्वयोः साङ्कर्यप्रदर्शनम्	३१३
दोषखण्डनम्	३२९
ग्राह्यसम्बद्धविशेषणतायाः प्रत्यासत्तित्वोपपादनम्	३३७
प्रमुष्टतत्ताकस्मृतिखण्डनम्	**३४८**
अख्यात्युपपादनम्	३४९
उद्बुद्धत्वखण्डनम्	३५४
अख्यातिखण्डनम्	३५५
स्मृत्यन्यत्वखण्डनम्	**३६५**
अवच्छेदकतादिघटितलक्षणानां निष्फलत्वोपपादनम्	३७१
मीमांसकादिमतेऽवच्छेदकभेदेनैव भेदाभेदोपपादनम्	३८०
भेदसंसर्गाभावयोर्भेदखण्डनम्	**३८४**
घटे घटस्य नभेदो नाप्यभेद इत्युपपादनम्	४०४
स्मृतित्वखण्डनम्	**४२५**
भट्टसम्मतज्ञानातीन्द्रियत्वे युक्तिप्रदर्शनम्	४२९
अनुभवत्वविशेषखण्डनम्	**४३१**
तत्त्वानुभवत्वखण्डनम्	**४३२**
याथार्थ्यखण्डनम्	**४४७**
सम्यक्त्वखण्डनम्	**४६२**
विशेषखण्डनम्	४६५
अव्यभिचारित्वखण्डनम्	**४७६**
अविसंवादित्वखण्डनम्	**४७८**
अबाधितत्वादिखण्डनम्	**४८९**
प्रमात्वस्य जातित्वखण्डनम्	४९१
प्रमात्वस्वतस्त्वविचारः	४९३
प्रमालक्षणसामान्यखण्डनम्	**४९६**
करणत्वखण्डनम्	**४९७**
अनुमितेः करणस्य दुर्निरूपत्वम्	५३४
लक्षणप्रयोजनखण्डनम्	**५७०**
स्वत्वानुगमखण्डनम्	५९०
संसर्गस्यानलीकत्वे भ्रान्ते व्यधिकरणप्रकारकत्वानुपपत्तिः	५९८
प्रमेयमात्रखण्डनयुक्तिः	६०६
मुनेराप्तविधया न लक्षणप्रणेतृत्वसम्भवः	६१९
साक्षात्कारित्वखण्डनम्	**६२०**
विशेषविषयकत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६२१
इन्द्रियकरणकत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६२७
ज्ञातताघटितलक्षणखण्डनम्	६२९
विषयजन्यत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६३१
इच्छाप्रतिबन्धकत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६३१
अज्ञायमानकरणकत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६३४
अव्यवधानघटितलक्षणखण्डनम्	६४३
ज्ञानाजन्यत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६४४
ज्ञानाकरणकत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६४४
वर्तमानकालावच्छिन्नत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६४९
सन्निकर्षेतराप्रयुक्तत्वघटितलक्षणखण्डनम्	६५३
लिङ्गोपधानमते प्रत्यक्षलक्षणखण्डनम्	६५६
लिङ्गोपधानमते प्रत्यक्षलक्षणान्तरखण्डनम्	६५९
विशिष्टवैशिष्ट्यविषयिताघटिलक्षणखण्डनम्	६६२
प्रत्यक्षत्वस्य जातित्वखण्डनम्	६६४
स्वाप्नबोधादेः स्मृतित्वखण्डनम्	६६५
जातिमात्रखण्डनम्	६६९
अनुमितित्वेनाभिमतस्य मानसप्रत्यक्षानातिरेकोपपादनम्	६७०
प्रत्यक्षत्वजातेर्व्यञ्जकनिरासः	६७७
प्राभाकराभिमतप्रत्यक्षत्वखण्डनम्	६८१
लिङ्गाद्यजन्यत्वघटितलक्षणानां खण्डनम्	६८४
शाब्दादिभेदघटितलक्षणखण्डनम्	६८८
पर्याप्तिनिराकरणम्	६९६
एकत्वस्यागुणत्वोपवर्णनम्	६९७
भट्टपादानां लक्षणानिर्वाच्यत्वे तात्पर्यनिरूपणम् ।	७११

— ❋ —

श्रीमच्छङ्करचैतन्यभारती भारतीस्वयम् ।
धर्मज्ञानादिवैराग्य योगमूर्तिर्विराजते ।।

ॐ

श्रीशारदायै नमः

खण्डनखण्डखाद्यम्

शारदाख्यव्याख्यासंवलितम्

प्रथमः परिच्छेदः

अविकल्पविषय एकः, स्थाणुः पुरुषः श्रुतोऽस्ति यः श्रुतिषु ।

॥ श्रीः ॥

शारदा

परापरविभागगा जनितनन्दितानन्तधीः
परागतमलीमसा विगतभेदवृत्त्योदिता ।

श्रीराजहंसो नाम मानसोन्मीलनम्
चित्तविलोपे प्राप्ये नवेन्दुमौलिप्रिये[१] कलोल्लसिते !
त्वत्पद्पद्मपरागोऽपरागतां[२] नयतु मां मातः ॥१॥

भारती

।। नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ।।

ओंकाराकारशुण्डाग्रं समष्ट्याम्नायरूपिणम् ।
महागणपतिं वन्दे प्रत्यूहव्रातवारकम् ॥ १ ॥
विद्यागुणविहीनोऽपि लालितो येन नित्यशः ।
नित्यं शुद्धं परं ब्रह्म विश्वेशं नौमि सर्वदा ॥ २ ॥
श्रीबालां शारदां नौमि राजराजेश्वरीं पराम् ।
यां विना न पश्यन्ति परमं पदमनामयम् ॥ ३ ॥
एकं ज्योतिरचिन्त्यं यच्छिवं शङ्करभारतीम् ।
ज्ञानयोगमयं नित्यं ज्ञानयोगेश्वरेश्वरम् ॥ ४ ॥
प्रणम्य परया भक्त्या तत्कृपापाङ्गलेशतः ।
भारतीं तनुते रम्यां शारदापथगामिनीम् ॥ ५ ॥
क्वाहं खण्डनखाद्यं क्व तत्रापि शारदासृतिः ।
श्रीमद्गुरुवच्चरणरेणुरेवात्र कारणम् ॥ ६ ॥

---

१. कलाभिः–शक्तिभिः, विश्वकलनया, चन्द्रकलया । २. रागशून्यताम् ।

शारदा

अखण्डसुखसङ्गता सदमृतात्मिका भव्यभा
चितिः सकलशान्तिदा लसतु मानसप्राङ्गणे ।।१।।

राजहंसः

हित्वा मोहं मलिननिवहे हेयताऽऽदेयते च
नीत्वा सीमां परिचितजनं शून्यताया अदृश्याम् ।
यावद्दृष्टिः पतति तृषिता त्रैपुरे पादपद्मे
तावत्काचिद्गलितमनसः शून्यता मे प्रियाऽस्तु ।।२।।
व्यवहारकथातीते शिवे शान्तरसात्मनि ।
विलोप्य लीलया कालं निर्वृतान् सततं स्तुमः ।।३।।
अन्यथा प्रतिपद्यापि जायन्तेऽवद्यदर्शिनः ।
इत्यवेत्य क्वचिद्भावः स्वयमेव विभाव्यते ।।४।।
यद्वा किमेतया भीत्या मध्यमानां बुधां कृते ।
क्वचिद् व्याख्यानयत्नोऽयं चिरायास्तु फलेग्रहिः ।।५।।
नेत्रं तृतीयमुन्मील्य चिदाकाशे कृतोत्सवैः ।
श्रीशारदेङ्गितं ज्ञातुं राजहंसो निषेव्यताम् ।।६।।
अल्पज्ञता वा सकलज्ञता वा स्वस्मिन्नवेक्ष्या परदोषवक्त्रा ।
आद्येऽप्रमा स्यान्ननु दोषदृष्टिरन्त्ये तु विश्वेश्वरताप्रसक्तिः ।।७।।

• **परापरेति** । अत्रैकशेषेण परापरञ्च परापरञ्चेति विभागद्वयायत्तेन परपरापरापरेति शब्दैरागमिकेषु प्रथितं शिवशक्तिनरात्मकं व्युत्क्रमेण परं क्षराक्षरपुरुषोत्तमेति गीतास्वपि त्रिभुवनानिबन्धनबन्धुनाभिहितं तत्त्वत्रयमप्यभिधित्सितम् । औपनिषदरीत्या तु परापरब्रह्मात्मको विभागः सुविदित एव । परा न परविभागगेत्यर्थे तु विरोधाभासोऽपि, परा = अपकर्षानाश्रयत्ववतीत्येवं च तत्परिहारः । सकलचितिपरतयापि चेदं पद्यं शक्यं योजयितुम् । तथाहि-परापरविभा मायिकोत्कर्षापकर्षाश्रयनैकविधलीलाविग्रहात्मना प्रथनात् । अगगा = कैलासस्था, पुत्रीत्वेन पर्वतविशेषगामिनीति वा । स्वेन जनितस्य नन्दितस्य = स्वात्मकशक्त्यावेशितस्य 'अनन्तः केशवे शेषे' इत्यभिधानादनन्तस्य = केशवस्य धीः = बुद्ध्यधिष्ठात्री, ब्रह्मवैवर्तादौ तथा प्रसिद्धेः, ज्ञानशक्तिरेव वा, परदेवता हि शिवमिच्छाशक्तिरूपेण विष्णुं ज्ञानशक्तिरूपेण विधिञ्चाध्यास्ते क्रियाशक्तिरूपेणेत्यागमेषु बहुलमुपलब्धेः । परागतमलीमसेति निरतिशयसौन्दर्यमभिप्रैति । महामहाकविभिर्विरिञ्च्यादिभिरपि साक्षात्तदीय-सौन्दर्यलवस्यापि निर्वक्तुमशक्यतयाऽन्यनिषेधमुखेन निरूपणाशयेन विगतेत्यादि । अनन्यसामान्यदशाया सदोदयमासादयन्तीति वा। अनवच्छिन्नसुखार्थमर्धनारीश्वरात्मना सङ्गतेत्याशयानस्य 'अखण्डे' त्याद्युक्तिः। सती चासावमृतात्मिका = अमृतरसस्यन्दितनुलता, सौवर्गामृतातिशायिताप्रत्ययार्थं सत्त्वममृतस्यैव वा विशेषणम्, अत एव तत्सम्पर्कमात्रमवाप्नुवतो भगवतो भवस्य न कालकूटपानप्रयुक्तकार्यविशेषभागितेति भावः। भव्यभा = कमनीयकान्तिरित्यर्थः ।।१।।

भारती

इस प्रारप्सित ग्रन्थ के निर्माता श्री श्रीहर्ष ग्रन्थारम्भ में शिष्टता के अभिव्यंजक तथा अन्तरायश्रेणी के शामक चिति के स्तवन का सम्पादन करते हैं– अविकल्प विषय

शारदा

रेणुना धवलितं वनालयं मेधकान्तिकमनीयतास्पदम् ।
श्वेतनीलसरितोः सुसङ्गमं कामधामनिचयं स्तुवीमहि ।। २ ।।
यदीयचिन्तामणिमन्त्रचिन्तया जहर्ष हर्षः परिलभ्य लिप्सितम् ।
स्ववृत्तित्वस्वजन्यजनकत्वाभ्यां वस्तुविशिष्टत्वं व्यापारत्वमिति कल्पं विकलयति नापीति । प्रसङ्गादिति । **परामर्शजन्यजनकानां परामर्शावृत्तित्वादिति भावः। चक्रभ्रमणा-देर्दण्डादाववृत्तित्वात्तत्राप्यव्याप्तेरुपलक्षणमिदम्, वृत्तितावच्छेदकस्यानुगतसम्बन्धस्याभावात्, जनकताया वृत्तिनियामकत्वाभावात् । प्रथमलक्षणे एव पर्यवसानाच्च। निर्विकल्पकस्य पूर्वं निरस्तत्वेऽप्यभ्युपेत्यवादेनाह** निर्विकल्पकस्येति । **तस्य = लिङ्गज्ञानस्य । उपगमे = अनुमितिकरणत्वोपगमे । ननु प्रथमसम्बन्धानुपादाने लिङ्गनिर्विकल्पकजन्यजनकस्य सविकल्पकस्य लिङ्गनिर्विकल्पकव्यापारत्वसम्भव इत्यत आह** अतद्धेत्वाश्रयस्येति । **व्यापारतावच्छेदकसम्बन्धेन तद्धेत्वसम्बद्धस्येत्यर्थः । तद्धेत्वजन्यस्येति यावत् । तथाच परस्परजन्यजनकतया सहकारिमात्रस्य परस्परव्यापारत्वप्रसङ्ग इति स्वजन्यत्वसम्बन्ध-निवेशस्याप्यावश्यकत्वे प्रथमलक्षणखण्डनावतार इति भावः ।**

भारती

कर्ण शष्कुल्यवच्छिन्न नभः प्रदेश ही श्रोत्र है । कर्णशष्कुलीसंयोग श्रोत्र से जन्य एवं श्रोत्रजन्य शब्द प्रागभाव सामान्याभाव साक्षात्कार का जनक है अतः वह संयोग शब्द प्रागभाव सामान्याभाव साक्षात्कार तथा शब्द साक्षात्कार में व्यापार हो सकता है ।

जो तदाश्रित (करणाश्रित) होकर तज्जन्य (करण जन्य) का जनक हो वह व्यापार है अर्थात् स्ववृत्तित्वस्वजन्यजनकत्व उभय सम्बन्ध से वस्तु (करण) विशिष्ट हो वह व्यापार है। (यहाँ स्वशब्द से करण लेना है । इस प्रकार व्यापार का द्वितीय लक्षण भी निर्दुष्ट नहीं है । क्योंकि लिङ्ग परामर्श अनुमिति के प्रति करण न होगा । कारण कि लिङ्ग परामर्श से जन्य का जनक लिङ्ग परामर्श के आश्रित नहीं है अतः व्यापार के अभाव में लिङ्ग परामर्श करण नहीं होगा । अर्थात् उक्त व्यापार लक्षण एवं करण लक्षण दोनों ही अव्याप्त है । किञ्च – दण्ड के आश्रित न होने से चक्रभ्रमण दण्ड का व्यापार न होगा । अपि च जनकता के वृत्ति नियामक न होने से वृत्तितावच्छेद अनुगत सम्बन्ध के न होने से करण वृत्तित्व भी व्यापार में नहीं बन पायेगा और स्ववृत्तित्व अंश के परित्याग करने पर प्रथम व्यापार लक्षण में ही पर्यवसान हो जायेगा । यद्यपि निर्विकल्पक ज्ञान का निरास कर चुके हैं तथापि पर मत के अनुसार निर्विकल्पक मानकर निर्विकल्पक लिङ्गज्ञान को अनुमिति के प्रतिकरण मानें तथा सविकल्पक लिङ्ग ज्ञान को व्यापार मानें तो सविकल्पकलिङ्गज्ञान निर्विकल्पकलिङ्गज्ञान के आश्रित न होने से निर्विकल्पकलिङ्गज्ञान रूप करण का व्यापार नहीं होगा । यदि उक्त व्यापार लक्षण में स्वजन्यत्व अथवा स्ववृत्तित्व (तदाश्रयत्व) अंश का उपादान न करके तत् करण से असम्बद्ध को भी तत् करण का व्यापार मानें तो – कार्य के सहकारिकारण (चक्रचीवरादि) भी परस्पर जन्यजनक होने से सहकारिमात्र ही परस्पर में व्यापार हो जायेंगे ।

किञ्च फलाव्यभिचारित्वं किं तस्मिन्नेव काले फलसत्त्वनियमः?, उत तदनन्तरं फलसत्त्वनियमः?। नाद्यः, कारणस्य पूर्वभाविताया अवश्यं वक्तव्यत्वात्। न द्वितीयः, आनन्तर्यं यद्यव्यवहितानन्तर्यं विवक्षितं तदा यत्किञ्चिद्व्यापारवतः करणत्वपक्षे हस्तादेरकरणत्वापातः आफलव्यापारवतस्तु तथात्वे कर्त्रादिष्वतिव्याप्तिः।

शारदा

किञ्चेत्यादि । **फलसत्ताऽभाववत्कालावृत्तिव्यापारवत्कारणत्वमित्याद्यर्थः । स्वाव्यवहितोत्तरक्षणवृत्तिकभेदप्रतियोगितानवच्छेदकफलकव्यापारवत्कारणत्वमिति द्वितीयार्थः। भेदप्रतियोगितावच्छेदकता कालिकेन । अव्यवहितानन्तर्यम् = अव्यवहितोत्तरत्वम्, तच्च क्षणे स्वाधिकरणक्षणध्वंसानधिकरणत्वस्वाधिकरणत्वाभ्यां तदधिकरणक्षणध्वंसविशिष्टत्वम्।** तदेति । **अत्रोक्तलक्षणे व्यापारस्थाने यत्किञ्चिद्व्यापारेति निवेश्य नाव्याप्तिर्दीयते, सर्वस्य करणव्यापारस्य स्वाव्यवहितोत्तरक्षणवृत्तिभेदप्रतियोगितानवच्छेदकफलकत्वाभावेन यस्य कस्यचिदेव तथात्वात् । अपितु तादृशफलकप्रथमव्यापारककारणत्वं लक्षणमभिप्रेत्य । आफलव्यापारेत्यग्रिमकल्पे तु तादृशफलकयत्किञ्चिद्व्यापारककारणत्वमिति लक्षणे कर्त्रादावतिव्याप्तिर्दत्तेति । आफलव्यापारः = फलाव्यवहितप्राक्क्षणवर्तिव्यापारः।** अतिव्याप्तिरिति । **कर्त्रादिरपि फलाव्यवहितप्राक्क्षणवर्तिव्यापारस्योक्तभेदप्रतियोगितानवच्छेदक-**

भारती

किञ्च – ''व्यापारवतः फलाव्यभिचारित्वम्'' इस करण लक्षण के अन्तर्गत ''फलाव्यभिचारित्वम्'' भी क्या है ? क्या व्यापार विशिष्ट कारण के काल में ही नियम से फल (मुख्यक्रिया) की सत्ता होना फलाव्यभिचारित्व है, या व्यापार विशिष्ट कारण के अनन्तर काल में नियम से फल (मुख्यक्रिया) की सत्ता होना । (यहाँ फलसत्ता के अभाव विशिष्टकाल में वर्तमान व्यापार से युक्त करण का होना'' प्रथम विकल्प का अर्थ है एवं स्वाव्यवहितोत्तर क्षण में वृत्ति जो भेद, तादृशभेद प्रतियोगिता का अनवच्छेदक फल वाले व्यापार से युक्त कारण का होना'' यह द्वितीय विकल्प का अर्थ है । यहाँ भेदप्रतियोगितावच्छेदकता कालिक सम्बन्ध से लेना है ।)

इनमें प्रथम विकल्प युक्तियुक्त नहीं है । क्योंकि कारण को कार्य पूर्व काल वृत्ति अवश्य ही मानना होगा । अन्यथा कार्य व्यवहित प्राक्क्षणावच्छेदेन विद्यमानता रूपा कारणता ही नहीं होगी, तथाच उक्त लक्षण असम्भव दोषग्रस्त हो जायेगा ।

द्वितीय कल्प भी युक्ति संगत नहीं है क्योंकि यदि अनन्तर शब्द से अव्यहित आनन्तर्य विवक्षित है तो ''यत्किञ्चित् व्यापार विशिष्ट कारण ही करण है'' इस पक्ष में हस्त करण न होगा । अर्थात् हस्त के यत्किञ्चित्व्यापार के अव्यवहितोत्तर क्षण में फल (पाक क्रिया) न होने से हस्त रूप करण में उक्त करणलक्षण की अव्याप्ति हो जायेगी और यदि आफल व्यापार अर्थात् फल के अव्यवहित प्राक्क्षणवर्ति व्यापार से विशिष्ट कारण को करण मानें तो कर्ता

अथ व्यवहितस्याप्यानान्तर्यं विवक्षितम्, तथापि यत्किञ्चिद्व्यापाराभिप्रायेऽन्तरायसम्भवाद्धस्ताद्यव्याप्तिः, आफलव्यापाराभिप्राये च व्यवधानासम्भवात् कारकमात्रं करणमित्युक्तं स्यात्। व्यापारवतश्च तत्फलाव्यभिचार इति किं तद्व्यापारस्य फलाव्यभिचारित्वम्?

शारदा

फलकत्वात्। अथेति। **स्वाव्यवहितोत्तरेत्यस्य स्थाने स्वाधिकरणक्षणध्वंसाधिकरणेत्येव वक्तव्यम्, तथाच प्रथमव्यापारनिवेशेऽपि हस्तादौ नोक्तरीत्याऽव्याप्तिः, फलाधिकरणक्षणस्य प्रथमव्यापाराधिकरणक्षणध्वंसाधिकरणत्वात्, किन्तु यत्र प्रथमव्यापाराधिकरणक्षणध्वंसाधिकरणेऽपि क्षणे प्रतिबन्धकविशेषात्फलं नोत्पन्नम्, तत्राव्याप्तिः, कारकस्य हस्तादेः करणातिरिक्तेऽन्तर्भावासम्भवेनालक्ष्यत्वाभ्युपगमानुपपत्तेः, नहि कारकत्वमपि क्रियोपधायकत्वरूपं येन तत्र तन्न स्यादित्याह** तथापीति। **यत्किञ्चिद्व्यापाराभिप्राये = प्रथमव्यापारस्योक्तलक्षणेऽनुप्रवेशे। अन्तरायसम्भवात् = प्रतिबन्धकसम्भवात्। यत्किञ्चिद्व्यापारस्य लक्षणघटकत्वे तु फलाव्यवहितप्राक्क्षणवर्तिनः कारकान्तरीयव्यापारस्यापि तादृशप्रतियोगितानवच्छेदकफलकतयाऽतिव्याप्तिः, उपधेयसङ्करेऽपि न्यायेन प्रत्यवस्थानाशक्यताया निवेदनादित्यनुशयेनाह** आफलेति। तद्व्यापारस्येति। **फलाव्यभिचारिव्यापारवत्कारणत्वमित्यर्थः। अस्य प्राङ्निरस्तत्वेऽपि विकल्पे न्यूनतापरिहाराय पुनरभिधानम्।** व्यापारविशिष्टस्येति।

राजहंसः

प्रतिबन्धकसम्भवादिति। प्रतिबन्धकाभावस्थले तु कर्त्रादावतिव्याप्तिः, तस्यापि व्यापारोत्तरं व्यवधानेन फलोत्पत्तेः।

भारती

आदि में अतिव्याप्ति हो जायेगी, क्योंकि कर्ता आदि का फलाव्यवहित प्राक्क्षणवर्ति व्यापार भी अवश्य ही फल वाला (उक्त भेद = फलाव्यवहित प्राक्क्षण वृत्ति व्यापार तत् क्षण वृत्ति व्यापार जन्य फलवान् न इत्याकारक भेद के प्रतियोगिता का अनवच्छेदक फल वाला) है। यदि अनन्तर शब्द से व्यवहित आनन्तर्य भी ग्राह्य है तो यत्किञ्चित् अर्थात् प्रथम व्यापार का लक्षण में प्रवेश मानने पर हस्तादि में अव्याप्ति हो जायेगी, क्योंकि हस्त व्यापार के अनन्तर अन्तराप (विघ्न रूप प्रतिबन्धक) उपस्थित होने से फल (पाकादि मुख्य क्रिया) नहीं होता और यदि आफल व्यापार (फलाव्यवहित प्राक्क्षणवर्तिव्यापार) का लक्षण में प्रवेश मानें तो व्यवधान के न होने से कारकान्तर (कर्ता आदि) का व्यापार भी नियम फल वाला (तादृशभेद प्रतियोगितानवच्छेदक फल वाला) होने से कारक मात्र ही करण हो जायेगा, अर्थात् कारक मात्र में उक्त करण लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायेगी।

किञ्च – "व्यापारवत फलाव्यभिचार" (व्यापारवान् में फल का अव्यभिचार) इस वाक्य का क्या तात्पर्य है, क्या जिस करण का व्यापार फल का अव्यभिचारी हो। अर्थात् फल के अव्यभिचारि व्यापार से युक्त कारण करण है यह अर्थ है। अथवा जो व्यापार विशिष्ट कारण फल का अव्यभिचारी (नियम से फल सम्बन्ध = फल वाला) हो वह करण है अर्थात् फल का अव्यभिचारि होकर व्यापार विशिष्ट कारण हो वह करण है" यह अर्थ है।

व्यापारविशिष्टस्य वा ?। नाद्यः, हस्ताद्यकरणत्वापातात् । अतएव न द्वितीयः, यागादेः स्वर्गाद्यकरणत्वापाताच्च, अपूर्ववाक्यार्थ-त्ववादिनापि चरमं यागस्य फलकरणत्वाभ्युपगमादिति ।

शारदा

फलाव्यभिचारित्वे सति व्यापारविशिष्टकारणत्वमित्यर्थः । पाताच्चेति । **अपूर्वात्मकयाग-व्यापारस्य फलाव्यवहितप्राक्क्षणवृत्तित्वेऽपि यागस्यापूर्वविशिष्टस्य तृतीयक्षणवृत्तिध्वंस-प्रतियोगिनोऽतथात्वादिति भावः । ननु "कार्येऽसङ्घटिताकारे करणत्वेन सम्मतः" इत्युक्तेः प्रभाकरमतेऽपूर्वं प्रति यागस्य करणत्वेन तदव्यवहितप्राक्क्षणवर्तित्वेन च न स्वर्गाद्यकरणतापत्तिर्दोषः, नच यागस्यापूर्वजनने निर्व्यापारतया नापूर्वनिरूपितस्यापि करणत्वस्य सम्भव इति देश्यम्, परमापूर्वं प्रत्येव करणतामासेदुषस्तस्योत्पत्त्यपूर्वव्यापार-कत्वादितिशङ्कां नित्याधिकारे फलकामिनोऽनधिकारित्वेनापूर्वस्यैव साध्यतया तत्रत्येव धात्वर्थस्य करणत्वेऽपि कामाधिकारे फलकामिन एव नियोज्यत्वेन फलकरणतामुपेयुष एव धात्वर्थस्य नियोगविषयतया यागे स्वर्गाद्यकरणतापातो दोष एवेत्यभिप्रायेण परिहरति** अपूर्ववाक्यार्थत्ववादिनेति । **स्वर्गकामो यजेतेत्यादिवाक्यात् स्वर्गकामकर्तव्यत्वप्रकार-कबोधविषयीभूतं यागविषयकं कार्यमितिशाब्दबोधं स्वीकुर्वतेत्यर्थः** । चरममिति । **उक्तशाब्दबोधानन्तरमित्यर्थः । यागस्य फलकरणत्वाभ्युपगमात् = यागविशेष्यकफल-कारणत्वप्रकारकार्थिकबोधमभ्युपगम्य यागे कारकान्तरात्मकत्वानुपपत्त्या करणत्वा-भ्युपगमात्। अयम्भावः–वेदे क्रियाभिन्ने एव धर्मिणि कार्यत्वेन रूपेण शक्तिनिर्णयः, एवं च लोके क्रियाया एव धर्मित्वेन धातुत एव च तस्या लाभसम्भवेन कार्यत्वे धर्मे लिङ्गादेर्लक्षणेत्यन्यत् । तथाच शक्तिग्रहपदार्थस्मृतिशाब्दबोधानां समानप्रकारकतयैव**

राजहंसः

कार्येऽसङ्घटिताकारे इति । कृत्याऽसम्बद्धस्वरूपे, साक्षात्कृत्यजन्ये इति यावत् । कार्ये = अपूर्वे।

भारती

इनमें प्रथम पक्ष ठीक नहीं है क्योंकि हस्तादि करण नहीं होंगे अर्थात् हस्तादि का व्यापार फल का अव्यभिचारी न होने से हस्तादि में अव्याप्ति हो जायेगी । अतएव द्वितीय पक्ष भी ठीक नहीं है क्योंकि अन्तराय (प्रतिबन्धक) के होने से व्यापारविशिष्ट हस्त भी फल का व्यभिचारी हो सकता है ऐसी स्थिति में हस्त में अव्याप्ति रहेगी । किञ्च – यागादि स्वर्ग के प्रति करण नहीं होंगे अर्थात् याग में भी अव्याप्ति है । क्योंकि याग का अपूर्व रूप व्यापार फल का अव्यभिचारी (फल के अव्यवहित प्राक्क्षण वृत्ति) होने पर भी अपूर्व रूप व्यापार विशिष्टयाग तृतीय क्षण वृत्ति ध्वंस प्रतियोगी होने से फल का अव्यभिचारी नहीं है । अपूर्व को वाक्यार्थ मानने वाले प्रभाकरादि भी अर्थात् "स्वर्गकामो यजेत" इत्यादि वाक्य से – "स्वर्ग काम कर्तव्यत्वप्रकारकबोधविषयीभूतं यागविषयकं कार्यम्" इत्याकारक शाब्द बोध स्वीकर्ता प्रभाकर ने भी उक्त शाब्द बोध के अनन्तर याग विशेष्यक फल कारणत्व प्रकारक आर्थिक बोध को स्वीकार कर याग में कारकान्तर रूपता की अनुपपत्ति से फल के प्रति याग को करण

अथोच्यते – यद्वानेव करोति तत्करणम्, यद्वानेव प्रमिमीते तत्प्रमाणम्। मैवम्, आत्मधर्मप्रध्वंसादीनामकरणानां प्रमाणत्व-प्रसङ्गात्। येन क्रियाकारणेन युक्त एव प्रमिमीत इति चेन्न;

शारदा

कार्यकारणभावात् प्रथममज्ञातस्याप्यपूर्वस्य कार्यत्वेन रूपेण शाब्दविषयत्वस्य नानुपपत्तिः। किन्तु कामिनः प्रथमं काम्याव्यवहितसाधने एव कर्तव्यत्वप्रकारकबोधोदयेनापूर्वे कार्यत्वेन रूपेण तथाबोधोदयेऽपि व्यवहितसाधने यागे प्रथमं न तथाबोधः, अपितु कार्यत्वावच्छिन्न-विशेष्यताकोक्तबोधानन्तरमेव यागः स्वर्गकारणमिति बोधः, ततःपरं तु यागः कर्तव्य इति बोधः स्वर्गकामिन औचित्यावर्जित इति। केचित्तु चरमयागस्येति समस्तपाठमनुरुध्याग्नेयादिषु पूर्वपूर्वयागजन्यावान्तरापूर्वविशिष्टस्यान्तिमयागस्य फलकरणत्वाभ्युपगमादिति व्याचक्षते।

यद्वानेवेति। **यत्सम्बन्धिताव्याप्यं यत्क्रियाकर्तृत्वं तत्त्वं तत्क्रियाकरणत्वमित्यर्थः। कर्तृत्वञ्चोपधायकत्वम् एवं परतोऽपि।** आत्मेति। **आत्मधर्मस्य सुखादिविशेषस्य क्रियाविशेषकर्तृत्वदशायां तत्प्रध्वंसप्रागभावयोश्च तत्तद्भेदप्रमेयत्वादीनाञ्च क्रियामात्रकर्तृदशायां प्रमातरि क्रियान्तरकर्तरि च यथासम्भवं नियमेन सद्भावादतिप्रसङ्गः। यत्पदार्थे प्रकृतक्रियाकारणत्वनिवेशे तदकारणेष्वनतिप्रसङ्ग इत्याह** येनेति। क्रियाकारणेनेति। **तत्प्रमाकारणेनेत्यर्थः। प्रमिमीते = तत्प्रमाकर्ता। तत्त्वं तत्प्रमाकरणत्वमिति शेषः। अदृष्टादावतिप्रसङ्गभङ्गाय कारणपदेनासाधारणकारणमेव ग्राह्यम्, सुखादिप्रमिताविति**

भारती

ही माना है। (तात्पर्य यह है कि – यद्यपि प्रभाकर के मत में अपूर्व के प्रति ही याग को करण माना है क्योंकि याग अपूर्व के अव्यवहित प्राक्क्षणवृत्ति है अतः स्वर्ग के प्रति याग में अकरणत्वापत्ति दोष देना उचित नहीं है। यदि कहें कि अपूर्व के प्रति याग के निर्व्यापार होने से याग अपूर्व के प्रति करण नहीं हो सकता, तो यह नहीं कह सकते, क्योंकि याग को परमापूर्व के प्रति ही करण माना है और उसमें उत्पत्त्यपूर्व (अवान्तर अपूर्व) ही व्यापार हो जायेगा, अतः याग निर्व्यापार नहीं है। तथापि नित्यकर्म में फलकामी का अधिकार न होने से वहाँ (नित्य कर्म स्थल में) अपूर्व के प्रति भले ही यागादि धात्वर्थ करण हो जाय, किन्तु काम्य कर्म में तो फल कामी ही नियोज्य (अधिकारी) होने से वहाँ स्वर्गादि फल के प्रति ही धात्वर्थ यागादि को करण मानना होगा अतः इस पक्ष में धात्वर्थ यागादि ही नियोग के विषय होने से यागादि में स्वर्गादि रूप फल के प्रति अकरणत्वापत्ति दोष होगा ही।)

४. प्रश्न – जिससे युक्त होकर कर्ता कार्य करता है। अर्थात् यत्सम्बन्धिता से व्याप्य यत्क्रिया कर्तृत्व है तत्त्व ही तत्क्रियाकरणत्व है एवं जिससे युक्त प्रमाता प्रमिति करता है वह प्रमाण है। यहाँ – यत्सम्बन्धिताव्याप्ययत्प्रमितिकरणत्व है तत्त्व ही तत्प्रमितिकरणत्व है इस प्रकार परिष्कार होगा। कर्तृत्व उपधायकत्व रूप लेना है।

समाधान – यह लक्षण भी निर्दुष्ट नहीं है क्योंकि क्रियाविशेष की कर्तृत्व दशा में आत्मा के धर्म सुखादि विशेष से युक्त होकर प्रमाता कार्य करता है एवं क्रियामात्र की कर्तृत्व

सुखादिप्रमितौ तत्करणव्यापारस्यापि करणत्वप्रसङ्गात् । ओमिति चेन्न; अव्यापारतयाऽकारकत्वेन तद्विशेषकरणभावानुपपत्तेः । व्यापारवतापीति चेन्न; एवं हि व्यापारवत एव करणत्वं न स्यात्, नहि व्यापारवतस्तस्य व्यापारान्तरवत्तास्ति । अथ व्यापारवतो,

शारदा

प्रमितिमात्रस्योपलक्षणम्, करणसमान्यलक्षणनिरासपरत्वे तु कार्यमात्रस्य । करणं मनःप्रभृति। व्यापारो मनःसंयोगादिः इदमुपलक्षणं सहकारिमात्रे सामग्र्याञ्चातिप्रसङ्गस्य । नच यत्प्रकृतक्रियाकारणसम्बन्धित्वव्याप्यमित्यत्र सम्बन्धित्वस्य करणतावच्छेदकसम्बन्धेन विवक्षायामनतिप्रसङ्ग इति वाच्यम्; सम्बन्धस्य न करणतावच्छेदकत्वेन निवेशः, आत्माश्रयात्, सर्वस्यापि सम्बन्धस्य क्वचित्क्वचित्करणतावच्छेदकत्वसम्भवेनातिप्रसङ्गतादवस्थ्याच्च । अपि तु विशिष्यैव । तथापि तु यत्क्रियायां करणतावच्छेदकसम्बन्धस्यैव व्यापारताद्यवच्छेदकत्वं तत्र व्यापारादावतिप्रसङ्गोदुर्वार एव ।''स्वव्यापारे हि कर्तृत्वं सर्वत्रैवास्ति कारके''इत्यभियुक्तोक्तेर्व्यापारवत्कारणं कारकमिति प्राचीनसिद्धान्तमनुसृत्याह अव्यापारतयेति । **तादृशसिद्धान्तमनभ्युपगच्छतस्तु मते तत्र तत्रान्यैर्व्यापारतयाभ्युपगतानामेव करणतयाऽऽत्ममनःसंयोगस्यैव सुखादिसाक्षात्कारे करणत्वस्य वक्तव्यत्वेन तत्र सुखादेरपि करणतापंत्तिः, समवायेनैवात्मनि संयोगसुखाद्योर्वृत्तेः। अत्रेष्टापत्तेरनवसर इत्यगादि पुरा । यद्व्यापारवत्प्रकृतक्रियाऽसाधारणकारणसम्बन्धित्वव्याप्यं प्रकृतक्रियाकर्तृत्वमिति विवक्षया प्राचीनमतानुसारेणातिप्रसङ्गं वारयति** व्यापारवतेति । **कर्त्रादिस्तादृशकारणत्वेऽपि करणतावच्छेदकसम्बन्धेन**

भारती

दशा में तादृश सुखादि के प्रागभाव प्रध्वंस से युक्त होकर ही प्रमाता कार्य करता है अतः आत्म धर्म सुखादि में तादृश सुखादि के प्रागभाव एवं प्रध्वंसाभाव में अतिव्याप्ति हो जायेगी । इसी प्रकार तत्तद्भेद प्रमेयत्वादि में भी उक्त लक्षणों की अतिव्याप्ति हो जायेगी ।

यदि कहें कि जिस प्रमाकारण से युक्त होकर प्रमाता (तत्प्रमाकर्ता) प्रमिति करता है वह प्रमाण उस प्रमा का करण है, तो इस प्रकार नहीं कह सकते, क्योंकि आत्म मनःसंयोग से युक्त होकर ही प्रमाता सुखादि प्रमा को करता है इसलिए सुखादि प्रमा के प्रति मनः आदि करण का व्यापार आत्म मनःसंयोग भी करण हो जायेगा । यदि कहें कि तादृश आत्म मन संयोग तो सुखादि प्रमा के प्रति करण है ही, तो यह कहना सम्भव नहीं है क्योंकि (प्राचीनों के सिद्धान्त में व्यापारवत्कारण ही कारक होता है अतः) आत्म मनःसंयोग व्यापार रहित होने से कारक सामान्य ही नहीं हो सकता है फिर कारक विशेष करण कैसे होगा, अर्थात् नहीं हो सकता, अतः आत्ममनःसंयोगरूप व्यापार में उक्त करणलक्षण की अतिव्याप्ति है । (यहाँ नवीनों के मत के अनुसार सुखादि साक्षात्कार के प्रति सुखादि में ही करणत्वापत्ति समझना चाहिए, क्योंकि नव्य लोग प्राचीनों के उक्त मत को न मान कर आत्ममनःसंयोग को सुखादि प्रमा के प्रति कारण मानते हैं ।) (इसी प्रकार सहकारिमात्र तथा सामग्री में भी उक्त लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायेगी ।)

व्यापारांशमपहाय करणत्वम्, तत्र चास्त्येवेदं लक्षणम्, यस्य करणत्वमस्ति तस्य व्यापारवत्त्वमप्यस्तीति व्यापारवत्करणमुच्यते इति । न; पटमुद्यम्य निपात्य च प्रक्षालयतः स कर्मैव हि करणं स्यात् ।

किञ्च, किं तस्य करणत्वमिति लक्ष्यीभूतस्यावश्यं

शारदा

तादृशसम्बन्धित्वविवक्षायां तत्रानतिप्रसङ्ग इत्यभिमानः । व्यापारान्तरवत्ता = व्यापारवत्ता। तदुक्तमुदयनाचार्यैः कुसुमाञ्जलौ ''नहि व्यापारवन्तं व्यापार आश्रयते आत्माश्रयत्वा''दिति। व्यापारविशिष्टे व्यापारवत्तानुपपत्तावपि व्यापारोपहिते करणतयाभिमते व्यापारवत्ता सम्भवति विशेषणस्येवोपाधेर्विधेयान्वियत्वाभावादित्याशङ्कते अथेति। **सः = पटः । करणतावच्छेदक-सम्बन्धेन तादृशसम्बन्धित्वविवक्षायां तूक्तरीत्या सुखादावतिव्याप्तिः । सर्वत्र च कर्त्रादिः करणतानवच्छेदकसम्बन्धेनैव कारणत्वमित्यस्यासम्भवदुक्तिकत्वेन तत्राप्यतिव्याप्तिर्द्रष्टव्या। व्यापारे कर्त्रवृत्तित्वकर्मावृत्तित्वयोर्निवेशादिनातिव्याप्तिवारणे तु प्राङ्निरस्तेष्वेव लक्षणेषु पर्यवसानम् ।**

राजहंसः

व्यापारान्तरवत्तेति । व्यापारविशिष्टे व्यापारान्तरमिव घटकीभूतोऽपि व्यापारो नास्तीत्याशयेनोभयसाधारण्येन व्याचष्टे **व्यापारवत्तेति ।**

भारती

यदि कहें कि जिस व्यापार विशिष्ट प्रकृतक्रिया (सुखादि प्रमा) के असाधारण कारण से युक्त होकर प्रमाता प्रकृतक्रिया (सुखादिप्रमा) को करता है वह प्रकृतक्रिया का करण है; तो यह लक्षण भी निर्दुष्ट नहीं है, क्योंकि इस प्रकार मानने पर व्यापारवान् चक्षुरादि करण भी करण न होंगे, अर्थात् तादृश चक्षुरादि में उक्त करण अव्याप्त हो जायेगा, क्योंकि व्यापार विशिष्ट करण में अंशतः आत्माश्रय होने से व्यापारवत्ता (व्यापार) नहीं रह सकती है ।

प्रश्न – व्यापार विशिष्ट में व्यापारवत्ता के अनुपपन्न होने पर भी व्यापार से उपहित करण में व्यापार रह सकता है, क्योंकि विशेषण के समान उपाधि कार्यान्वयी नहीं होती । अतः व्यापारांश को पृथक् करके ही व्यापारवान् करण होगा, और उस करण में उक्त करण लक्षण के रहने पर आत्माश्रय दोष नहीं है एवं अव्याप्ति भी नहीं है, जो करण है वह व्यापारवान् भी है अतः व्यापारवान् करण कहा जाता है ।

समाधान – इस प्रकार स्वीकारने पर – धोबी के द्वारा उठा पटक कर प्रक्षालन किये जाने वाला पट (वस्त्र) रूप कर्म भी करण हो जायेगा । क्योंकि उद्यमन निपतन रूप व्यापार से युक्त पटवान् होकर ही रजक (धोबी) प्रक्षालन क्रिया करता है । अतः उक्त करण लक्षण की उक्त पट में अतिव्याप्ति है ।

किञ्च – उक्त करण लक्षण के लक्ष्य करणतया अभिमत पदार्थ में करणत्व अर्थात् लक्ष्यतावच्छेदक क्या है यह भी अवश्य ही ज्ञातव्य है अन्यथा उक्त लक्षण हेतुक इतरभेदानुमिति

वक्तव्यत्वाद्यद्युक्तलक्षणवत्त्वमेव तत् स्यात्तदात्माश्रयापातः स्यात् । स्वरूपमिति चेत्; स्वरूपस्य प्रतिकरणं भिन्नतयैक-परित्यागेनापरत्र लक्षणं गतमित्यतिव्यापकं स्यात् , नहि चक्षुषः स्वरूपं श्रोत्रस्येति । किञ्चैवमिन्द्रियादेः प्रमाणत्वं न स्यात् ,

शारदा

तस्य = करणत्वेनाभिमतस्य । लक्ष्यीभूतस्येति । **लक्ष्यतावच्छेदकरूपेणेति शेषः** । अवश्यमिति । **अन्यथेतरभेदानुमाने आश्रयासिद्धेरिति भावः** । तदेति । **विधेयांशेऽधिकावगाहितयोपनयवाक्याच्छाब्दबोधसम्भवेऽपीति शेषः** । आत्माश्रयेति । **तद्विशिष्टे तस्य वृत्तौ तत्रापि तद्वृत्तेः प्रसक्त्येतरभेदानुमाने स्वरूपासिद्धेरापत्तिरिति तदुपहिते तद्वृत्तिर्वक्तव्या, तथाचोपाधित्वविशेषणत्वयोर्विरुद्धत्वेन तस्य विशेषणत्वासम्भवे क्वापि स्वाश्रयोद्देश्यक-विधेयान्वयित्वानुपपत्तिः। एवं लक्ष्यतावच्छेदकज्ञानस्य पूर्वमावश्यकत्वेन लक्षणाभिधानवैफल्यम्। किं करणमिति पृष्ठे करणं करणमित्यस्योन्मत्तप्रलापत्वात् । उक्तलक्षणान्यजानतोऽपि किं करणमिति प्रश्नदर्शनेन तेषां लक्ष्यतावच्छेदकताया असम्भवदुक्तिकत्वाच्च। यथा च करणपदार्थत्वेनापि न लक्ष्यतोपपादनसम्भवस्तथोक्तमधस्तात् । अभ्युपेत्यवादेन तु किञ्चैवमित्यादिना दूषणान्तरं वक्ष्यति** । अतिव्यापकमिति । **उक्तलक्षणस्यानुगतत्वाभ्युपगमेनेदम्, वस्तुतस्तु तस्याननुगतयत्तादिघटितत्वेनाननुगम एव दूषणं सारम्** । न स्यादिति । **यद्यपि**

भारती

में आश्रयासिद्धि हो जायेगी । यदि उक्त लक्षणवत्त्व ही करणत्व (लक्ष्यतावच्छेदक) मानें तो (विधेयांश में अधिकावगाहि होने से उपनय वाक्य से शाब्द बोध हो भी जाय तो भी) आत्माश्रय दोष हो जायेगा । (क्योंकि उक्त लक्षण विशिष्ट में उक्त लक्षण के रहने पर उक्त लक्षण में भी उक्त लक्षण के रहने से आत्माश्रय होगा, आत्माश्रय के वारणार्थ यदि उक्त लक्षण विशिष्ट में उक्त लक्षण न मानें तो स्वरूपासिद्धि हो जायेगी) एवं लक्ष्यतावच्छेदक के पूर्व ज्ञात हो जाने से लक्षण निर्माण का वैयर्थ्य दोष भी है ।

यदि कहें कि उक्त लक्षण विशिष्ट करणतया अभिमत पदार्थ करण नहीं है अपितु चक्षुरादि वस्तु का स्वरूप ही करण पदार्थ है अर्थात् उक्त लक्षण से उपहित वस्तु को करण मानेंगे, तो यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि तादृशस्वरूप के प्रतिव्यक्ति भिन्न-भिन्न होने से एक स्वरूप (चक्षु के स्वरूप) का परित्याग कर अन्य के स्वरूप (श्रोत्र के स्वरूप) में लक्षण के जाने से अतिव्याप्ति हो जायेगी । क्योंकि चक्षुः का स्वरूप श्रोत्र का स्वरूप नहीं है । (अर्थात् दोनों के स्वरूप भिन्न होने से यदि चक्षुः के स्वरूप को लक्ष्य मानेंगे तो श्रोत्र के स्वरूप के अलक्ष्य होने से उसमें लक्षण जाने पर अतिव्याप्ति हो जायेगी, इसी प्रकार श्रोत्रस्वरूप को लक्ष्य मानने पर चक्षुः स्वरूप में अतिव्याप्ति होगी ।) वस्तुतस्तु – उक्त लक्षण के यत् तत् से घटित होने से अननुगम ही दोष विद्यमान है । अनुगत व्यवहार न होगा ।

किञ्च – जिससे युक्त होकर ही प्रमाता प्रमिति करता हो वह प्रमाण है इस प्रकार लक्षण मानने पर चक्षुरादि इन्द्रियादि भी प्रमाण नहीं होगी, अर्थात् प्रमाण लक्षण चक्षुरादि इन्द्रियों में

अतद्वतोऽप्यनुमात्रादेः प्रमातृत्वात् । नासौ प्रत्यक्षमिति चेन्न; नेदमपि हि प्रत्यक्षमात्रस्य लक्षणं भवता क्रियते । ननु यद्यपीन्द्रियादेर्विशेषतो व्यावृत्तिः, तथापि तज्जातीयकरणमात्रतया तज्जातीयमात्रस्याव्यावृत्तिरेव, न ह्यनुमित्यादावप्यकरणजातीयवान् प्रमिमीत इति। न; करणतया साधारणभावस्याद्यापि निर्णेतुमशक्यत्वात्।

शारदा

यथाव्याख्याते नायं दोषः, तथाप्यनुगतव्यवहारानुरोधेनानुगतलक्षणे यतनीयम् । नच यत्ताद्यघटितं क्रियाकर्तृत्वव्यापकसम्बन्धिताकव्यापारवदसाधारणकारणत्वमेव लक्षणमस्तु, क्रियात्वादिकञ्च कथञ्चिदनुगतं मन्तव्यमिति वाच्यम्; कस्यापि कारणस्य सम्बन्धितायाः क्रियासामान्यकर्तृत्वव्यापकत्वविरहेणासम्भवप्रसङ्गात्, तदिदमाह अतद्वत इति । **इन्द्रियाद्यन्यतमासाधारणकारणकत्वाभाववत्क्रियाकर्तुरित्यर्थः । तेन वस्तुत इन्द्रियादेः सत्त्वेऽपि नासङ्गतिः। असौ = तादृशाभाववत्क्रिया । अनुगमपक्षं विस्मृत्येयमाशङ्का । अनुगमपक्षं स्मारयन्नाह** नेदमिति। **तादृशसम्बन्धिताकव्यापारवदसाधारणकारणजातीयत्वं विवक्षणीयमिति नासम्भव इत्याशङ्कते** नन्विति। **अप्रसङ्गातिप्रसङ्गयोर्व्युदासाय करणत्वेनैव साजात्यस्य विवक्षणीयत्वादात्माश्रय इत्याह** करणतयेति । **साधारणभावस्य = साजात्यस्य । इदमुपलक्षणम् , उक्तलक्षणस्यानुगतत्वमभिमन्यमानेन सम्बन्धितायास्तत्तत्सम्बन्धैरनिवेशनीयत्वेन कारकान्तरेष्वतिव्याप्तेरिति, एवञ्च कारकत्वव्याप्यधर्मवत्त्वेन साजात्यविवक्षयापि न निस्तारः ।**

भारती

अव्याप्त हो जायेगा, क्योंकि इन्द्रियादि अन्यतम रूप असाधारण कारण से रहित अनुमाता भी अनुमान रूप प्रमा को करता है । यदि कहें कि इन्द्रियादि के अभाव में उत्पन्न वह प्रमा प्रत्यक्ष प्रमा नहीं है अपितु अनुमिति रूप है तो यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि यह करण लक्षण भी प्रत्यक्ष मात्र को करण मानकर नहीं किया गया है । अपितु प्रमा मात्र के करण का लक्षण किया गया है अत: चक्षुरादि के विना भी प्रमाता अनुमिति करता है इसलिए चक्षुरादि में उक्त करण लक्षण की अव्याप्ति है ।

प्रश्न – जिस व्यापारवद् असाधारण कारण जातीयवान होकर ही प्रमाता प्रमिति करता है । यह प्रमाण है ऐसी विवक्षा करेंगे । यद्यपि अनुमिति रूप प्रमिति विशेष लेने से प्रत्यक्ष प्रमा की व्यावृत्ति होती है । किन्तु अति व्याप्त्यादि दोष वारणार्थ करणत्वेन साजात्य की विवक्षा कर तादृशकरण सजातीयत्वघटित उक्त लक्षण करने पर प्रत्यक्ष प्रमा के भी तादृशकरणत्वजातीय होने से तादृशकरणत्व जातीयमात्र की अव्यावृत्ति (व्यावृत्ति न) होने से प्रत्यक्ष प्रमा की भी व्यावृत्ति न होगी । अत: अव्याप्ति न होगी । एवं अनुमिति आदि स्थल में भी अकरण जातीय से युक्त होकर प्रमाता अनुमिति नहीं करता, अपितु तादृश करणत्वजातीय से युक्त होकर ही प्रमाता अनुमिति प्रमा करता है अत: अनुमिति में अव्याप्ति नहीं है ।

समाधान – उक्त अतिव्याप्ति वारणार्थ करणत्वेन ही साजात्य की विवक्षा करने पर

अथ यां प्रमां यद्वानेव जनयति तस्यां तत्करणमिति मैवम् , कौपीनाच्छादनादेरपि करणत्वप्रसङ्गात् । यज्जातिकामितिचेन्मैवम्, परोक्षजातीयां प्रमां लिङ्गवानेव शब्दवानेव वा जनयतीतिनिय-

शारदा

उक्तासम्भवादिव्युदासायागत्या यत्तद्घटितमेव लक्षणमादरणीयम्, यत्तादेश्चानुगतत्वमेव वाच्यम्, कथमन्यथा यत्तद्भ्यां गृह्यमाणाया व्याप्तेः सामान्यमुखत्वसङ्गतिरित्याशयेनाशङ्कते अथेति । **वस्तुतस्तु यत्तादेरनुगतत्वे पूर्वयत्पदेन यादृशव्यक्तेर्ग्रहणं तादृश्या एवोपरितनेन तत्पदेनेत्यत्र नियामकाभावेनातिप्रसङ्गभङ्गाय शब्दस्वाभाव्यरक्षणाय चाननुगतत्वमेव तस्य, सामान्यमुखत्वे तु यत्तद्भ्यां गृह्यमाणाया व्याप्तेर्न मानमिति द्रष्टव्यम् । यत्प्रमाकर्तृत्वं यत्सम्बन्धित्वव्याप्यमित्यत्र द्वितीययत्पदार्थे प्रकृतक्रियाकारणत्वादिविवक्षणे पूर्वोक्तदिशैव दोषः, सम्बन्धित्वस्य सम्बन्धविशेषैर्विवक्षणे चाननुगमः, तथाऽविवक्षायां त्वाह** कौपीनेत्यादि। **गुह्याच्छादनादेरित्यर्थः**। करणत्वेति । **प्रमाविशेषे इत्यादिः । यज्जातीयप्रमासामान्यकर्तृत्वं यज्जात्यवच्छिन्नसम्बन्धित्वव्याप्यमित्यभिधाने प्रमाविशेषकर्तृताव्यापकसम्बन्धिताके आच्छादनादौ नातिप्रसङ्ग इत्याशङ्कते** यज्जातिकामिति । **प्रमां यद्वानेवेत्यादिकमनुषज्यते । लिङ्गेत्यादि ज्ञायमानस्य करणत्वमते । लिङ्गवत्ता च स्वविशेष्यकव्याप्यत्वप्रकारकज्ञान-समवायितया, नतु शब्दवत्तेव स्वज्ञानसमवायितया । तेन शब्दादेरपि क्वचिल्लिङ्गत्वेन लिङ्गजातीयत्वेन च न ग्रन्थासङ्गतिः। यद्वा लिङ्गपदं लिङ्गत्वपरम्, लिङ्गत्वं च व्याप्यत्वमिति तत्प्रकारकज्ञानवानेवेत्यर्थः । एवं शब्दपदमपि शब्दज्ञानपरम् । उपमित्यादिकरणस्याप्यु-**

भारती

तद्घटित लक्षण के लक्ष्य (करण) वृत्ति होने से आत्माश्रय दोष हो जायेगा । किञ्च करणत्व का अद्यावधि निर्णय नहीं कर सकते । ऐसी स्थिति में उक्त करण लक्षण में तादृश सजातीयत्व का निवेश भी नहीं कर सकते ।

प्रश्न- अतिव्याप्त्यादि के निरासार्थ यत्तद्घटित ही लक्षण करेंगे एवं यत्त्वतत्त्व भी अनुगत ही होते हैं अन्यथा यद् तत् से गृह्यमाण व्याप्ति का अनुगम कैसे होगा । तथाच जिस से युक्त होकर प्रमाता जिस प्रमा को उत्पन्न करता है वह उस प्रमा में करण है ऐसा लक्षण करेंगे ।

समाधान- इस प्रकार लक्षण करने पर गुह्य का आच्छादनवस्त्रादि भी करण हो जायेगा, अर्थात् गुह्य-आच्छादन से युक्त होकर ही प्रमाता प्रत्यक्षादि प्रमिति करता है अतः उक्त करण लक्षण की गुह्य-आच्छादन में अतिव्याप्ति हो जायेगी । एवं यत्त्व-तत्त्व के अनुगतत्त्व में प्रमाण न होने से अननुगम दोष भी रहेगा ।

यदि कहें कि- यज्जातीय प्रमा सामान्य का कर्ता नियम से यज्जातीय से युक्त होकर यज्जातीय प्रमा को करता है वह उसके प्रति करण है ऐसी विवक्षा करेंगे । प्रमा विशेष का कर्ता ही कौपीन-आच्छादनादियुक्त होकर कदाचित् प्रमा को करता है अतः उस में उक्त लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं है । तो यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि परोक्षत्व जातीय अनुमिति आदि

माभावात्तस्याकरणत्वप्रसङ्गात् । साक्षात्कारित्वानुमितित्वादयो जातिभेदा विवक्षिता इति चेन्न; प्रत्येकमुपादाने भागाव्याप्तेः, सम्भूयोपादाने सर्वाव्याप्तेः, अनियमेनोपादाने च लक्षणा-

शारदा

पलक्षणमिदम् । अपरोक्षप्रमां प्रति त्विन्द्रियजातीयस्यैव करणत्वात्तत्राव्याप्तिर्नोद्भाविता । ननु परोक्षत्वेन साजात्यमादाय न दोषः, साजात्यस्याऽऽद्यस्य साक्षात्कारित्वानुमितित्वादिना विवक्षितत्वादित्याशङ्कते साक्षात्कारित्वेति । **अत्र साक्षात्कारिप्रमात्वावच्छिन्नकर्तृत्वं यज्जातीयत्वावच्छिन्नसम्बन्धिताव्याप्यं तत्प्रमाणमित्येवं लक्षणे प्रत्येकं साक्षात्कारित्वादिनिवेशो लक्ष्ये च प्रमासामान्यस्य निवेशो यदि विवक्षितस्तदाह** प्रत्येकमिति। **उक्तकर्तृत्वे व्याप्तिज्ञानत्वाद्यवच्छिन्नसम्बन्धिताव्याप्यत्वस्य, अनुमितिप्रमात्वावच्छिन्नकर्तृत्वे चेन्द्रियत्वाद्यवच्छिन्नसम्बन्धिताव्याप्यत्वस्याभावेनैकैकप्रमाणसङ्ग्रहेऽपि न प्रमाणचतुष्टय-संग्रह इति भावः । साक्षात्कारिप्रमात्वानुमितिप्रमात्वादिचतुष्टयावच्छिन्नकर्तृत्वं यज्जाती-यत्वावच्छिन्नसम्बन्धिताव्याप्यं तत्प्रमाणमिति विवक्षायामसम्भवः, तादृश-कर्तृत्वस्येन्द्रियत्वाद्यवच्छिन्नसम्बन्धित्वव्याप्यत्वविरहादित्याह** सम्भूयेति । **साक्षात्का-रिप्रमात्वावच्छिन्नकर्तृत्वं यज्जातीयत्वावच्छिन्नसम्बन्धिताव्याप्यं तत्साक्षात्कारिप्रमाकरण-मित्येवं लक्ष्यलक्षणयोर्विशिष्य निवेशे नोक्तद्दोष इत्यत आह** अनियमेनेति । **विशिष्येत्यर्थः । लक्षणाननुगमो लक्षणस्य प्रमाणचतुष्टयसाधारण्याभावः । एतेन**

भारती

प्रमा को लिङ्गवान या लिङ्गज्ञानवान् होकर ही अथवा शब्दवान् या शब्दज्ञानवान् होकर ही प्रमाता उत्पन्न करता है यह नियम नहीं है अतः उस (लिङ्ग या लिङ्ग ज्ञान में अथवा शब्द में या शब्द ज्ञान में) में उक्त करण लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायेगी । (यहाँ मूल में ''लिङ्ग'' शब्द एवं ''शब्द'' शब्द ज्ञानमान करणत्वमत से दिया गया है । अथवा नव्य मत के अनुसार लिङ्ग पद लिङ्ग ज्ञानपरक तथा ''शब्द'' पद शब्द ज्ञानपरक समझना चाहिए ।)

यदि कहें कि यहाँ परोक्षत्वेन साजात्य विवक्षित नहीं है अपितु साक्षात्कारित्व-अनुमितित्व आदि जातिविशेष से साजात्य विवक्षित है । तथाच साक्षात्कारित्वादि जातीय प्रमा का कर्ता नियम से यज्जातीय वस्तु से युक्त होकर ही प्रमा करता है वह उसके प्रति करण है'' इस प्रकार लक्षण करेंगे, तो यह नहीं कह सकते, क्योंकि उक्त लक्षण में प्रत्येक साक्षात्कारित्व-अनुमितित्व आदि का प्रवेश करें एवं लक्ष्य (करण) में प्रमा सामान्य का निवेश करें तो एक भाग में अव्याप्ति हो जायेगी । (अर्थात् यदि उक्त लक्षण में साक्षात्कारित्व का प्रवेश करेंगे तो अनुमिति के करण लिङ्ग परामर्श में, तथा अनुमितित्व का निवेश करेंगे तो साक्षात्कारि प्रमा के करण चक्षुरादि में इस प्रकार प्रत्येक में अव्याप्ति हो जायेगी ।) इस प्रकार एक एक प्रमाण का संग्रह होने पर भी प्रमाण चतुष्टय का संग्रह उक्त लक्षण से नहीं हो पायेगा । यदि प्रत्येक का प्रवेश न कर – सामस्त्येन सभी प्रमाओं का लक्षण में प्रवेश करें – अर्थात् साक्षात्कारि प्रमात्व अनुमिति प्रमात्च आदिचतुष्टयावच्छिन्न प्रमाओं का कर्ता नियम से यज्जातीयत्वावच्छिन्न से युक्त होकर ही प्रमा करता हो वह करण है इस प्रकार कहें तो सर्वत्र ही असम्भव हो जायेगा।

ननुगमापातादिति । यदभावात्कर्तृकर्मणी क्रियां न जनयतस्तत्करणम्, तेन यदभावात्प्रमातृप्रमेये प्रमां न जनयतस्तत्प्रमाणमिति लक्षणमित्यपि न युक्तम् , किं प्रमातृप्रमेये सती यत्र न जनयतः, उतासती अपि। आद्येऽतीतानागतानुमानादिकरणाव्याप्तिः। नापि द्वितीयः,

शारदा

साक्षात्कार्याद्यन्यतमप्रमात्वावच्छिन्नकर्तृत्वं यज्जातीयत्वावच्छिन्नसम्बन्धिताव्याप्यं तत्प्रमाणमित्यपि निरस्तम्; कर्त्रादावतिप्रसक्तेः । लक्ष्ये प्रमासामान्यकरणत्व-निवेशस्यासम्भवापादकत्वेन यत्किञ्चित्प्रमाकरणत्वनिवेशे यत्किञ्चित्वस्यानुगत-स्याभावेनाननुगमतादवस्थ्यात् । अन्यतमत्वस्याखण्डस्यान्योन्याश्रयपराहतत्वेन सखण्डस्य च भेदानुयोगिप्रतियोगिविधया सकलप्रपञ्चघटितत्वेनासर्वज्ञदुर्ज्ञेयत्वात्। प्रमात्वस्य च विषयभेदभिन्नमूर्तिकत्वेन नानुगमवार्तापि। ज्ञानकरणत्वेन लक्ष्यत्वे साक्षात्कारित्वा-द्यन्यतमावच्छिन्नकर्तृत्वविवक्षायामपि व्याप्त्यादेः साध्यादिभेदभिन्नमूर्तिकतया तज्ज्ञानत्वावच्छिन्नसम्बन्धित्वव्याप्यत्वस्य तादृशकर्तृत्वेऽभावादिति। यदभावादिति । **यद्व्यापारवदसाधारणकारणासमवधानप्रयुक्तस्तत्प्रमाकर्तृकर्मनिष्ठस्तत्प्रमोपधायकत्वा-भावस्तस्य तत्प्रमायां करणत्वमित्यर्थः । व्यापारेऽतिव्याप्तिवारणाय व्यापारवदिति । असाधारणकारणत्वं तु कार्यत्वानवच्छिन्नकार्यताकत्वमदृष्टादेर्व्युदासाय विवक्षणीयम् । प्रमातृप्रमेययोः समवधानलाभार्थं तत्प्रमाकर्तृकर्मनिष्ठ इति विशेषणम् , तेन तयोरनतिव्याप्तिरिति भावः ।** किमित्यादि । **यद्व्यापारवदसाधारणकारणासमवधानप्रयुक्ता**

भारती

क्योंकि समस्त प्रमाओं को किसी भी करण से युक्त होकर प्रमाता उत्पन्न नहीं करता, अतः "उक्त लक्षण सर्वत्र असम्भव दोषग्रस्त हो जायेगा और यदि – साक्षात्कारिप्रमात्वावच्छिन्न का कर्ता यज्जातीयत्वावच्छिन्न से युक्त होकर साक्षात्कारि प्रमा करता है वह साक्षात्कारि प्रमा का करण है" इस प्रकार लक्ष्य तथा लक्षण में विशेष रूप से ही तत्तत्प्रमा तथा प्रमा करणों का निवेश करें तो भिन्न-भिन्न लक्षण होने से अननुगम दोष हो जायेगा ।

प्रश्न – जिसके अभाव से कर्ता एवं कर्म, क्रिया को उत्पन्न न कर सके अभाव से प्रमाता तथा प्रमेय प्रमा को उत्पन्न न कर सके, वह उसके प्रति प्रमाण है ऐसा लक्षण करेंगे (तथाच जिस व्यापार वद् असाधारण कारण के असमवधान प्रयुक्त तत्प्रमा का कर्ता तत्प्रमा का उपधायक (जनक) न बन सके, वह उस प्रमा में करण है इस प्रकार परिष्कृत लक्षण होगा ।)

समाधान – यह लक्षण भी निर्दुष्ट नहीं है, क्योंकि उक्त लक्षण में "प्रमाता तथा प्रमेय सत् (विद्यमान) होकर प्रमा को (उत्पन्न नहीं करते है" यह अर्थ विवक्षित है या वे दो असत् (अविद्यमान) होकर भी प्रमा को उत्पन्न नहीं करते हैं "यह अर्थ विवक्षित है । (तात्पर्य यह है कि जिस व्यापारवद्-असाधारण कारण के असमवधान प्रयुक्त तत्प्रमाकर्ता कर्म के द्वारा तत्प्रमा की अनुत्पत्ति हो रही है वह (प्रमा की अनुत्पत्ति) तत्प्रमाकर्ता कर्म के समवधान कालिक विवक्षित है या तत्प्रमा के कर्ता-कर्म के असमवधान कालिक विवक्षित है ।) इन में

प्रमातृप्रमेययोरपि प्रसङ्गात्, यथाहि चक्षुराद्यभावात्प्रमा न जायते, तथा प्रमातृप्रमेययोरप्यभावात् , अन्यथा तयोः कारणत्वमेव न स्यात् । एतेन सामान्यतोऽभिधानं प्रत्युक्तम् ; अस्मदा-

शारदा

तत्प्रमाकर्तृकर्मसमवधानकालिकी तत्प्रमानुत्पत्तिस्तस्य तत्प्रमाकरणत्वमिति प्रथमविकल्पार्थः। तत्प्रमाकर्तृकर्मसमवधानकालिकीत्यस्य स्थाने तत्प्रमाकर्तृकर्मासमवधानकालिकीति निवेश्य द्वितीयविकल्पार्थो द्रष्टव्यः। यद्व्यापारवदसाधारणकारणासमवधानप्रयुक्ता यत्प्रमानुत्पत्तिस्तस्य तत्प्रमाकरणत्वमिति तृतीयोऽपि विकल्पो बोद्धव्यः । तत्प्रमानुत्पादप्रयोजकाभावप्रतियोगित्वे सति कार्यतानवच्छिन्नकार्यताकत्वे च सति व्यापारवत्त्वं तत्प्रमाकरणत्वमिति यावत् । आद्ये इति । **नचाद्यकल्पे कर्मपदानुपादाने नायं दोष इति वाच्यम्; तथासति साक्षात्कारकर्मण्यतिव्याप्तेः ।** प्रसङ्गादिति । **एवञ्च कालिकान्तवैयर्थ्यमपीति भावः । तृतीयकल्पं निराचष्टे** एतेनेति । **कर्त्रादावतिव्यापकत्वेनेत्यर्थः । व्यापारे कर्त्राद्यवृत्तित्वविवक्षणे तूक्तं स्मरणीयम् । सामान्यतः = तादृशसमवधान-कालिकत्वतादृशसमवधानाभावकालिकत्वाभ्यां विनिर्मुक्तम् । ननु तत्प्रमा-कर्तृसमवधानकालिकस्तत्प्रमाकर्मभिन्नयद्व्यापारवदसाधारणकारणासमवधानप्रयुक्त-स्तत्प्रमानुत्पादस्तस्य तत्प्रमाकरणत्वमिति विवक्षणे न कर्तृकर्मणोरतिव्याप्त्यादिकमत आह** अस्मदादीति । कर्तृके इति । **ईश्वरस्य कार्यमात्रं प्रति कर्तृत्वादिति भावः । अस्मदादिसमवेते**

भारती

प्रथम कल्प नहीं कह सकते, क्योंकि अतीत-अनागत विषयक अनुमिति स्थल में प्रमेय (कर्म) के अवर्तमान रहते हुए ही अनुमिति रूप प्रमिति के उत्पन्न होने से उस अनुमिति करण लिङ्ग परामर्श में उक्त करण लक्षण की अव्याप्ति हो जायेगी । (यदि कहें कि प्रथम कल्प में प्रमेय (कर्म) का निवेश न करने पर यह अव्याप्ति न होगी, तो यह नहीं कह सकते, क्योंकि प्रमेय (कर्म) का निवेश न करने पर साक्षात्कार के कर्म (प्रमेय) में ही अतिव्याप्ति हो जायेगी ।)

द्वितीय विकल्प भी युक्तिसङ्गत नहीं है, क्योंकि इसे (द्वितीय विकल्प) स्वीकार करने पर प्रमाता एवं प्रमेय भी करण हो जायेंगे क्योंकि जैसे चक्षुरादि के अभाव होने पर प्रमा उत्पन्न नहीं होती, उसी प्रकार प्रमाता एवं प्रमेय (कर्म) के अभाव के रहने पर भी प्रमा उत्पन्न नहीं होती । अन्यथा अर्थात् प्रमाता एवं प्रमेय के अभाव रहने पर यदि प्रमा की उत्पत्ति हो जाय तो उस प्रमा के प्रति प्रमाता एवं प्रमेय कारण ही नहीं होंगे । तथाच उक्त करण लक्षण प्रमाता एवं प्रमेय में अतिव्याप्त है ।

यदि कहें कि "जो तत्प्रमा के अनुत्पाद के प्रयोजक अभाव का प्रतियोगी एवं कार्यतानवच्छिन्न कार्यता का निरूपक होकर व्यापार वाला हो वह तत्प्रमा का करण होता है" यही लक्षण मानेंगे और यह अर्थ सामान्यतः (अर्थात् पूर्वोक्त तादृश- समवधान कालिकत्व एवं तादृश समवधानकालिकत्वाभाव दोनों से विनिर्मुक्तरूप से) अभिहित (कहा गया) है अतः (तत्प्रमाकर्तृसमवधानकालिक तत्प्रमाकर्म से भिन्न जिस व्यापारवद् असाधारण कारण के

दिकर्तृसापेक्षेश्वरकर्तृके चास्मदादिज्ञानेऽस्मदादिकर्तृकरणत्वापत्तेः। एवञ्च सति प्रकारभेदेनापि प्रमाणप्रमात्रादिव्यवस्थासमर्थना कृता न स्यात् , येनैव रूपेण कर्तृत्वादिना तस्य प्रमायामन्वयस्तेनैव तद्व्यतिरेकस्य प्रमानुत्पत्तौ प्रयोजकत्वादिति ।

शारदा

घटादिज्ञाने । कर्तृकरणत्वापत्तेः = कर्तुः करणत्वापत्तेः । अस्मदादिकं विनाऽस्मदादिसमवेतप्रमाया ईश्वरेणानुत्पादनात् । प्रकारभेदेनापि = उपाधिभेदेनापि । उपधेयसाङ्कर्येऽप्युपाधीनामसाङ्कर्यादिति परसिद्धान्तादिति भावः । साङ्कर्यमभेदः । व्यवस्था = व्यपदेशभेदः। न स्यादिति । **प्रमाणादिव्यपदेशभेदो हि प्रमाणत्वादिभेदेन, सच प्रमाणताद्यवच्छेदकभेदेन वा प्रमाणत्वत्वादिभेदेन वा, नाद्य इत्याह** येनैवेति । **एतेन प्रमाणताप्रमातृतावच्छेदकयोरैक्यप्रतिपादकस्य येनैवेत्यादिग्रन्थस्योक्तव्यवस्थाखण्डनपरत्वासम्भवादसङ्गतिः, तादृशव्यवस्थायाः प्रमाणत्वप्रमातृत्वभेदेनैव प्रयोज्यत्वात्तस्य च स्फुटत्वादिति नाशङ्कनीयम् ।** कर्तृत्वादिनेति। **आत्मत्वादिनेत्यर्थः । कार्यत्वावच्छिन्नं प्रति द्रव्यत्वेनेव प्रमात्वावच्छिन्नं प्रत्यात्मत्वेन तार्किकमते समवायिहेतुतेत्याशयः, घटं प्रति कपालत्वेनेव तु तत्प्रमां प्रति चैत्रत्वादिना सेत्यभिप्रायेणादिपदमुपात्तम् । तस्य = अस्मदादेः । प्रमायामन्वयः = प्रमातृता । तत्प्रमाकर्त्रीश्वरसमवधानकालिके तत्प्रमानुत्पादे चैत्रत्वादिनैव चैत्राद्यभावस्य प्रयोजकतया तेनैव रूपेण प्रमाकरणतापर्यवसानात्, प्रमातृत्वस्यापि च तद्रूपावच्छिन्नत्वात्,**

भारती

असमवधान प्रयुक्त जो तत्प्रमा का अनुत्पाद वही तत्प्रमा का कारण है ऐसी विवक्षा करने पर) कर्ता एवं कर्म में अतिव्याप्ति न होगी । तो यह कथन भी निरस्त ही समझना चाहिए, क्योंकि अस्मादि (हमरूप) कर्ता में सापेक्ष ईश्वर कर्तृक अस्मदादिसमवेत घटादि ज्ञान में अस्मदादि रूप (हम स्वयं) कर्ता ही करण हो जायेंगे (तात्पर्य यह है कि ईश्वर के कार्यमान के प्रति कर्ता होने से अस्मादि समवेत घटज्ञान के प्रति भी ईश्वर कर्ता है एवं वह ईश्वर अस्मदादि समवेत घटप्रमा को हमारे विना उत्पन्न नहीं कर सकता अतः उक्त करणलक्षण अस्मदादिरूप कर्ता में अतिव्याप्त है ।)

एवञ्च – उपधेय के साङ्कर्य (अभेद) होने पर उपाधि के असाङ्कर्य (भेद) से वस्तु का भेद होता है इस तार्किक सिद्धान्त के अनुसार-प्रकारभेद अर्थात् उपाधि के भेद से भी प्रमाणत्व प्रमातृत्व की व्यवस्था का समर्थन नहीं कर सकते । क्योंकि जिस कर्तृत्वादिरूप से अस्मदादि पदार्थ (अहंपदार्थ) प्रमाता होता है उसी कर्तृत्वादिरूप से अस्मदादि पदार्थ रूप प्रमाता का अभाव प्रमा की अनुत्पत्ति में प्रयोजक (कारण) भी है ।

(तात्पर्य यह है कि उपाधि के भेद से एक ही पदार्थ में कदाचित् प्रमातृत्व व्यवहार तथा कदाचित् प्रमाणत्वव्यवहार हो जायेगा'' किन्तु यह पूर्वपक्षी का कहना ठीक नहीं है क्योंकि प्रमाणादिव्यपदेश (कथन) का भेद प्रमाणत्वादि के भेद से ही सम्भव है और वह (प्रमाणत्वादि का भेद) प्रमाणताद्यवच्छेदक के भेद से होगा या प्रमाणत्वत्वादि के भेद से? इन में प्रथम

चरमव्यापारवत्त्वं करणत्वमित्यपि न ; व्यापाराभावाल्लिङ्ग-परामर्शस्याकरणत्वापातात् । नच सविकल्पकव्यापारवतो निर्विकल्पकस्य तत्र प्रामाण्यम् ; केवलविकल्पनीयलिङ्गविषये तदनुपपत्तेः, संस्कारादिपर्यन्तानुसरणे चानुमितेस्तज्जन्यत्वे

शारदा

नहि तत्प्रमानुत्पादप्रयोजकाभावप्रतियोगित्वघटितोक्तरूपेण तत्प्रमाकरणता शक्यवचना, तादृशरूपस्यैव करणतात्मकतया स्वस्य स्वावच्छिन्नत्वप्रसङ्गात् । द्वितीये तु प्रसक्तिरनवस्थायाः, स्वरूपभेदस्यापि वैधर्म्याविनाभूतत्वादिति भावः । ननु तत्प्रमाकर्तृसमवधानेत्यत्र कर्तृसामान्यस्य विवक्षितत्वादस्मदादेरपि तदन्तर्भावात्तत्समवधान-कालिकेऽनुत्पादेऽस्मदाद्यसमवधानस्य प्रयोजकतानुपपत्तेर्नोक्तातिव्याप्तिरिति चेन्न; तथापि तत्प्रमीययत्किञ्चित्कर्मणो भेदस्य निवेशे नानाविषयकप्रमितिकर्मणां करणत्वापत्तिः, तत्प्रमीयकर्मसामान्यभेदनिवेशे तु स्मृत्यन्यत्वखण्डनोक्तदिशोभयाभावादिक-मादायातिप्रसक्तिस्तत्तद्वारकविशेषणोपादानेऽनवस्थानादिति । एवं कर्मण्यतिप्रसक्तिं सूचयितुमेव प्रमाणप्रमात्रादीत्यत्रादिपदमुपात्तमिति ।

लिङ्गपरामर्शस्येति । **व्याप्तिज्ञानादेः करणता तु निरस्तेति भावः ।** सविकल्पकव्यापारवत इति । **न कर्मधारयान्मत्वर्थीय इत्यस्यौत्सर्गिकत्वमिति भावः । तत्र = लिङ्गपरामर्शस्य करणत्वमते । प्रामाण्यम् = अनुमितिकरणत्वम् ।** केवलेत्यादि । **अभावत्वादिना रूपेण सविकल्पकैकवेद्याभावादिविषयकपरामर्शे इत्यर्थः। निरुक्ततत्त्वमत्रैव प्रस्तावे एतत् । तदनुपपत्तेः = निर्विकल्पकत्वानुपपत्तेः, तथा च व्यापकाभावादिना व्याप्याभावाद्यनुमानं न स्यादित्यर्थः। उपलक्षणमिदम्, स्मृत्यात्मकपरामर्शस्य निर्विकल्पकाजन्यत्वेन तेनानुमित्यनापत्तेः। संस्कारादिपर्यन्तानुसरणे = संस्कारस्य तर्कस्य वा परामर्शव्यापारत्वोपगमे।**

भारती

विकल्प ठीक नहीं हैं क्योंकि प्रमाणता प्रमातृतावच्छेदक एक ही प्रमां प्रति कर्तृत्व अर्थात् आत्मत्व है उस का भेद नहीं है क्योंकि कार्यत्वावच्छिन्न के प्रति द्रव्यत्वेन के समान प्रमात्वावच्छिन्न के प्रति आत्मत्वेन ही समवायी हेतुता तार्किक ने मानी है । इसी प्रकार दूसरा विकल्प भी ठीक नहीं है क्योंकि प्रमाणत्व वादि की कल्पना करने पर अनवस्था दोष प्रसक्त (प्राप्त) हो जायेगा । कारण कि-स्वरूप भेद भी वैधर्म्य के अविनाभूत होने से वैधर्म्य के विना नहीं रहेगा ।)

६. चरमव्यापारवान् ही करण है'' यह लक्षण भी ठीक नहीं है । क्योंकि व्यापार न होने से लिङ्ग परामर्श अनुमिति के प्रति करण नहीं होगा । यदि कहें कि – अनुमिति के प्रति लिङ्गपरामर्श के करणत्व मत में सविकल्पक लिङ्गपरामर्श को व्यापार मानेंगे, तथा च सविकल्पक लिङ्गपरामर्श रूप व्यापारवान् निर्विकल्पक लिङ्ग परामर्श ही अनुमिति के प्रति करण है । अतः वही प्रमाण है । तो यह कहना युक्तिविरुद्ध है । क्योंकि अभावविषयक निर्विकल्पक ज्ञान होता ही नहीं है अतः केवल सविकल्पक ज्ञान के विषय अभावादिविषयकपरामर्श व्यापार के न होने से अनुमिति के प्रति करण नहीं होगा। (तथाच व्यापकाभाव आदि के द्वारा

प्रमाणाभावात्, कार्याहेतोश्च कारकाव्यापारत्वात् । अपि चाज्ञातकरणत्वापातात् । नच लिङ्गमेव परामर्शव्यापारवत्तया

शारदा

संस्कारः परामर्शजन्योऽपि नानुमितिजनकः, अनुमित्युत्पत्तिक्षणे एवोत्पन्नत्वादिति न स व्यापारः, तर्कस्तु भवत्वनुमितेर्जनको मा वा, परामर्शेण त्वजन्य एवेति न सोऽपि व्यापार इति भावः। कायहितोश्चेति कारकाजन्यस्याप्युपलक्षणम्, तज्जन्यस्य तज्जन्यजनकस्यैव तद्व्यापारत्वादिति। अपिचेत्यादि । **प्रत्यक्षे इन्द्रियस्याज्ञातस्यैव करणत्वेनाज्ञातकरणकज्ञानत्वस्य प्रत्यक्षत्वनियतत्वे-नानुमितेरपि परामर्शकरणकत्वे तथात्वेन प्रत्यक्षत्वापत्तिरित्याशयः। इदमापाततः– ज्ञायमान-लिङ्गादेरनुमित्यादिकरणतोपगन्तृमतेऽज्ञातकरणकज्ञानत्वस्य प्रत्यक्षत्वनियतत्वेऽपि परामर्शादिस्तथात्वोपगन्त्रा तस्य प्रत्यक्षत्वनियतत्वस्यानभ्युपगमनीयत्वात्, अप्रयोजकत्वाच्च। ज्ञानाकरणकज्ञानत्वं च तन्मते प्रत्यक्षत्वनियतमपि नानुमित्यादावित्यनतिप्रसङ्गः, तस्मात्पूर्वोक्तमेव दूषणं सारम् ।** लिङ्गमेवेति । **विशिष्टे कारणताग्राहकमानेन विशेषणेऽपि कारणताग्रहाल्लिङ्ग-परामर्शस्य कारणत्वे लिङ्गस्य कारणताया अवश्यम्भावेन परामर्शव्यापारकत्वेन तस्य**

राजहंसः

अनुमित्युत्पत्तिक्षण एवोत्पन्नत्वादिति । अत्र किञ्चिदनुपदमुदितम् ।

भारती

व्याप्याभाव आदि का अनुमान नहीं होगा ।) इसी प्रकार स्मृत्यात्मक परामर्श के निर्विकल्पक से अजन्य होने से उस (स्मृत्यात्मक परामर्श) से अनुमिति नहीं होगी ।

यदि कहें केवल सविकल्पकज्ञान विषयक अभावादि लिङ्ग स्थल में तद्विषयसंस्कार या तर्क को व्यापार मानेंगे । तथाच संस्कार या तर्क रूप व्यापार से युक्त होने से सविकल्पकै-कवेद्यअभावादि विषयक परामर्श भी करण हो जायेगा, तो यह नहीं कह सकते, क्योंकि अनुमिति के संस्कारादिजन्यता में कोई प्रमाण नहीं है । (भाव यह है कि- संस्कार परामर्श से जन्य होने पर भी अनुमिति का जनक नहीं हो सकता, कारण कि अनुमिति के उत्पत्तिक्षण में ही संस्कार भी उत्पन्न होता है अत: वह (संस्कार) व्यापार नहीं हो सकता । एवं तर्क अनुमिति का जनक हो या न हो, किन्तु परामर्श से जन्य तो नहीं ही है और अत: वह (तर्क) भी व्यापार नहीं हो सकता, और कार्य अर्थात् क्रिया का अजनक कारक का व्यापार हो नहीं सकता, क्योंकि तज्जन्य (करण जन्य) होकर तज्जन्य का जनक (करण जन्य का जनक) ही तद् व्यापार होता है ।

अपिच संस्कारादि के अतीन्द्रिय होने से संस्कारादि रूप व्यापार विशिष्ट परामर्श भी अतीन्द्रिय ही होगा, ऐसी स्थिति में अनुमिति अज्ञातकरणत्वापत्ति भी होगी । तात्पर्य यह है कि प्रत्यक्ष में इन्द्रिय अज्ञात ही करण होती है इसलिए अज्ञातकरणकज्ञानत्व प्रत्यक्ष से नियत (व्याप्य) है । अनुमिति भी तादृश परामर्शकरणक होने पर अज्ञातकरणकज्ञानात्मक ही होगी, अत: अनुमिति में प्रत्यक्षत्वापत्ति हो जायेगी । यहाँ अनुमितिः प्रत्यक्षा अज्ञातकरणकज्ञानत्वाद् घटादिविषयप्रत्यक्षज्ञानवत्'' इस प्रकार आपादन प्राप्त होगा । वस्तुतस्तु प्राचीन मत में उक्त व्याप्यत्व के अनङ्गीकृत एवं अप्रयोजक होने से पूर्वोक्त दूषण ही वास्तविक है ।

करणमिति युक्तम् ; अनुमितानुमानादौ परामर्शस्यालिङ्गजत्वेन तद्व्यापारवत्त्वानुपपत्तेः। आप्तोक्त्यादिभि'स्तत्रासीद्धूम' इति प्रतीत्या 'तदा तत्र वह्निरप्यासी'दिति यदनुमानं तत्रासत्त्वाद्धूमस्य परामर्शव्यापारवत्तया करणताया दूरनिरस्तत्वात् । किञ्च, यत्किञ्चिदपेक्षया चरमव्यापारवत्त्वस्य सर्वकारकसाधारण्यात् ,

शारदा

करणत्वसिद्धिः परामृश्यमानत्वेन तस्यानुमितिहेतुत्वेऽपि परामर्शं प्रति विषयतयैव हेतुत्वमिति न विरोधः, फलव्यापारौ प्रत्येकरूपेण हेतुतायां मानाभावादिति । यत्र परामर्शोऽनुमितिशाब्दस्मृत्याद्यन्यतमात्मकः, प्रत्यक्षात्मकोऽपि वा लिङ्गांशे न लौकिकविषयिताशाली, तत्र तादात्म्येन विषयत्वेन कारणतानिरूपितकार्यताया लौकिकविषयतासम्बन्धेनैवावच्छिन्नत्वात् लिङ्गस्य परामर्शाजनकतया न तद्द्वारा करणतासम्भव इत्याह अनुमितानुमानादाविति । **अनुमितमेवानुमानं = लिङ्गं = व्याप्त्यादिमत्तया प्रतीतमिति यावत्, अनुमानपदस्यानुमितिकरणार्थकत्वे तु व्याघातः । आदिना शाब्दादिप्रतीतं लिङ्गं ग्राह्यम् । तद्व्यापारवत्त्वानुपपत्तेरित्यन्वयः । तादृशस्थलमुदाहरति** आप्तेति । आसीदिति । **एवमनागतेऽतीन्द्रिये श्रुत्याद्यनुमापके आचाराद्यनुमितस्मृत्यादौ च द्रष्टव्यम् । अतीतानागतस्थले धूमध्वंसप्रागभावयोर्लिङ्गत्वसम्भवेऽपि शाब्दाद्यात्मकपरामर्शव्यापारकत्वासम्भव इति भावः।** तत्रेति । **करणताया इत्यन्वयः । अधिकं तूक्तम् । चरमत्वं व्यापारे फलोपधायकत्वं वा विवक्षितं व्यापाराजनकत्वं वा, उभयमपि निरस्तमेवेति प्रकारान्तराणि विकल्प्य निराकुरुते** किञ्चेति।

राजहंसः

तादात्म्येन विषयत्वेन कारणतेति । विषयत्वं धर्मविधयाऽवच्छेदकम् ।

भारती

यदि कहें कि विशिष्ट में कारणता का ग्राहक प्रमाण विशेषण में भी कारणता का ग्राहक होता है, लिङ्गपरामर्श के अनुमिति कारण होने पर लिङ्ग भी कारण होगा ही, अतः परामर्श रूप व्यापार से युक्त होकर लिंग ही अनुमिति का करण हो जायेगा। तो यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि जहाँ व्याप्त्यादिविशिष्ट रूप से लिङ्ग अनुमिति या शब्दादि का विषय है वहाँ परामर्श लिङ्ग से जन्य न होने से परामर्श व्यापार नहीं हो सकता, और परामर्श रूप व्यापार से युक्त होकर लिङ्ग करण नहीं हो सकता। यहाँ तादृश उदाहरण प्रस्तुत करते हैं – जैसे जहाँ आप्त पुरुष के कथन आदि के द्वारा "वहाँ धूम था" यह जानकर – "तब तो वहाँ वह्नि भी अवश्य थी" इत्याकारक अनुमिति करता है वहाँ धूम के अविद्यमान होने से वह धूमरूप लिङ्ग परामर्श का जनक नहीं हो सकता, और तादृश व्यापार से विशिष्ट (युक्त) होकर वह धूम अनुमिति के प्रति करण भी नहीं हो सकता। इसी प्रकार अतीत अनागत धूम का ध्वंस एवं प्रागभाव भी शाब्दबोधात्मक परामर्श रूप व्यापारवान् न होने से करण न होंगे।

किञ्च –चरम व्यापारवत्त्वं करणत्वम् इस लक्षण में व्यापार में चरमत्व यदि यत्किञ्चिद् व्यापार की अपेक्षा से विवक्षित है तो "व्यापारोत्तर व्यापारवान् कारण ही करण है" यह लक्षण पर्यवसित होगा, और यह सर्वकारण साधारण है अर्थात् यह लक्षण सभी कारको में अन्वित

सर्वकारकापेक्षया चरमव्यापारवत्त्वस्य स्वापेक्षया चरमत्वानुपपत्त्या सर्वत्रासिद्धेः। कर्त्रपेक्षयेति चेन्न; कर्तृधर्मिमात्रापेक्षया विवक्षितत्वे कर्तरि प्रसङ्गतादवस्थ्यात् , व्यापारवत्कर्त्रपेक्षाभिप्राये च कर्तरि

शारदा

यत्किञ्चिदपेक्षया चरमव्यापारवत्त्वमिति । **व्यापारोत्तरव्यापारवत्कारणत्वमिति यावत् । सर्वकारकापेक्षया चरमव्यापारवत्त्वं = प्रकृतक्रियौपयिकयावद्व्यापारोत्तरव्यापारवत्कारणत्वम्। स्वापेक्षया चरमत्वानुपपत्त्या = स्वकीययावद्व्यापारापेक्षया स्वव्यापारे उत्तरत्वानुपपत्त्या। सर्वत्रासिद्धेः = असम्भवापत्तेः** । कर्त्रपेक्षयेति । **चरमत्वं विवक्षितमिति शेषः । प्रकृतक्रियाकर्त्रुत्तरव्यापारवत्कारणत्वं वा, प्रकृतक्रियाकर्तृव्यापारोत्तरव्यापारवत्कारणत्वं वा, प्रकृतक्रियाकर्तृयावद्व्यापारोत्तरव्यापारवत्कारणत्वं वा प्रकृतक्रियाकरणत्वं विवक्षितम्, आद्ये** कर्तृधर्मीति । **द्वितीये** व्यापारवदित्यादि । **कर्तृव्यापारापेक्षयोत्तरत्वविवक्षायामित्यर्थः ।** एकेत्यादि। **कर्तुरेकव्यापारापेक्षयेत्यर्थः । तृतीये** यावदित्यादि। **कर्तृयावद्व्यापारापेक्षयोत्तरत्व-विवक्षापक्षे इत्यर्थः । ननु फलाव्यवहितप्राक्क्षणे न कर्तुर्व्यापारः, अपि तु करणस्येति तत्क्षणवृत्तिकरणव्यापारस्य कर्तृयावद्व्यापारोत्तरत्वेन नासम्भव इत्यत आह** व्यापारस्येति। **कर्तृव्यापारस्येत्यर्थः । विच्छेदे = फलाव्यवहितप्राक्क्षणेऽनभ्युपगमे । तदा कर्तृपरामर्शः।**

भारती

होने से सर्वत्र अतिव्याप्ति हो जायेगी और यदि सभी कारकों की अपेक्षा से चरमव्यापारवत्त्व विवक्षित है । अर्थात् प्रकृतक्रिया के जनक यावद् व्यापारोत्तर व्यापारवान् कारण ही करण है'' इस प्रकार से लक्षण विवाक्षित है तो स्व की अपेक्षा स्व में चरमत्व अनुपपन्न है अर्थात् स्वकीय यावद्व्यापारों की अपेक्षा से स्वव्यापार में उत्तरत्व के अनुपपन्न होने से सर्वत्र ही असम्भव दोष हो जायेगा ।

यदि कहें कि कर्ता की अपेक्षा चरमत्व विवक्षित है। तो यह नहीं कह सकते, क्योंकि कर्तारूप धर्मी मात्र की अपेक्षा चरमत्व विवक्षा कर यदि – ''प्रकृत क्रिया कर्ता से उत्तर व्यापारवान् कारण ही करण है'' ऐसा लक्षण करें तो कर्ता में अतिव्याप्ति हो जायेगी, कारण कि, कर्ता भी स्व के उत्तर व्यापार से विशिष्ट एवं प्रकृतक्रिया के प्रति कारण है । यदि व्यापारवत् कर्ता की अपेक्षा में अभिप्राय मानकर – ''प्रकृतक्रिया के कर्तृव्यापार से उत्तर व्यापारवान् कारण ही करण है'' ऐसा लक्षण करें तो भी कर्ता में ही पुनः अतिव्याप्ति हो जायेगी, कर्ता भी स्वकीय प्रथम व्यापार से उत्तर द्वितीय व्यापार से विशिष्ट एवं प्रकृतक्रिया का कारण है । एक ही कर्ता के पूर्व पूर्व व्यापार की अपेक्षा उत्तरोत्तर व्यापार चरम व्यापार माना जाता है । यदि कर्ता के यावद् व्यापारों की अपेक्षा चरमत्वं की विवक्षा कर – ''प्रकृतक्रिया के कर्ता के यावद् व्यापारों से उत्तर व्यापारवान् कारण ही करण है'' ऐसा लक्षण मानें तो इस पक्ष में विवक्षित (करण रूप से अभिमत पदार्थ कुठारादि) भी करण नहीं होंगे, क्योंकि फलसिद्धि पर्यन्त कर्ता के व्यापार का विराम नहीं होता और यदि कर्ता के व्यापार को फलाव्यवहित प्राक्क्षण में न माना जाय तो कर्ता में अनन्यथासिद्धत्व घटित करण लक्षण कर्ता में नहीं जायेगा, अर्थात् कर्ता कारण नहीं होगा । (करण के व्यापार का उत्पादक होने

स एव प्रसङ्गः, एकव्यापारवत्कर्त्रपेक्षयाऽपरापरकर्तृव्यापारस्य चरमव्यापारत्वात्, यावद्व्यापारवत्कर्त्रपेक्षापक्षे तु विवक्षितमपि करणं न स्यात्; आफलसिद्धेः कर्तृव्यापाराविरामात्। व्यापारस्य विच्छेदे तद्धेतुलक्षणप्रक्षीणतापत्तेः। यद्व्यापारानन्तरं कारकान्तरं न व्याप्रियते तच्चरमव्यापारमिष्टमिति चेन्न; सेश्वरपक्षे कर्तृ-

शारदा

हेतुलक्षणस्यानन्यथासिद्धत्वघटितस्य कर्तृगतत्वानुपपत्तेः, करणव्यापारोत्पादनेनैव तस्यान्यथासिद्धत्वात्, स्वव्यापारेण हि स्वस्यानन्यथासिद्धिर्नतु परकीयव्यापारेणापीति भावः। यदि तु करणव्यापारस्यापि कर्तृजन्यत्वेन तज्जन्यजनकत्वेन च तद्व्यापारत्वम्, अतएव ''सर्वेयं कर्तृव्यापारपरम्परा न तस्य हेतुतां हन्तीति'' मूले एव प्रागुक्तमिति कश्चिद्ब्रूयात्तदा सुतरामसम्भवः। न व्याप्रियते = प्रकृतक्रियौपयिकव्यापाररहितम्। चरमव्यापारमिति बहुव्रीहिः। सेश्वरेति। **ननुज्ञानादेरीश्वरव्यापारस्य नित्यत्वेन ध्वंसात्मकतद्विरामाप्रसिद्धावपि तदधिकरणक्षणध्वंसाधिकरणक्षणवृत्तित्वरूपं तदानन्तर्यं प्रसिद्धमेव; अथ तद्ध्वंसाधिकरणकालवृत्तित्वस्य तदानन्तर्यात्मकतां विवक्षित्वेश्वरव्यापारानन्तर्याप्रसिद्ध्यभिधानम्, तदाप्युक्तलक्षणेऽनुयोगिन्येव यत्तायाः प्रविष्टत्वेनेश्वरव्यापारानन्तर्याप्रसिद्धौ यत्पदेनेश्वरस्योपादानासम्भवेन तत्रातिव्याप्त्यभिधानमसङ्गतमेव; यदि च नित्यज्ञानादेर्जन्यत्वघटितव्यापारत्वमेव न, अस्मदादिव्यापार एव चेश्वरजन्यत्वेन तज्जन्यजनकत्वेन च तद्व्यापारो विवक्षितः, तदा महाप्रलयानभ्युपगन्तृमते जन्यव्यापारपरम्पराया अविरामेऽपि प्रकृतक्रियौपयिकव्यापारविरामस्य सद्भावेन तत्तच्चरमव्यापारानन्तरं प्रकृतक्रियायां कारकाणामव्यापृतत्वेन यथाश्रुते यत्पदेन करणमिवेश्वरमुपादायातिप्रसङ्गस्यातिस्पष्टत्वेन व्यापाराविरामाद्यभिधानमसङ्गतमेवेति चेन्न, प्रतियोगिनि यत्ता, व्यापारत्वं च नित्येऽपि ज्ञानादौ तज्जन्यजनकत्वरूपम्, आनन्तर्यञ्च तद्ध्वंसाधिकरणकालवृत्तित्वरूपमिति वदन्तं प्रतीत्थमभिधानात्; एवं हीश्वरस्य व्यापारानन्तर्याप्रसिद्धौ स्वपदेन तदनुपादानेन प्रकृतक्रियौपयिकस्वव्यापारोत्तरतादृशव्यापारकं**

भारती

से ही वह (करण/कर्ता) अनन्यथा सिद्ध होता है अतः स्वव्यापार से ही स्व में अनन्यथा सिद्धिः होती है न कि पर के व्यापार से और यदि करण का व्यापार भी कर्ता से जन्य एवं कर्ता से जन्य का जनक होने से कर्ता का व्यापार मान लिया जाय तो सुतराम् कर्ता में करण लक्षण अतिव्याप्त हो जायेगा।)

(प्रश्न – जिस व्यापार के अनन्तर अन्य कारक का व्यापार न हो अर्थात् प्रकृत क्रिया के जनक व्यापार से रहित होता हो वही चरम व्यापार शब्द से अभिप्रेत है और एतादृश चरम व्यापारवान् ही करण है। (मूलस्थ ''चरमव्यापारम्'' शब्द में बहुव्रीहि समास है।)

समाधान – ईश्वर रूप कर्ता के व्यापार का विराम ही नहीं होता (क्योंकि वह नित्य है) अतः उसके आनन्तर्य के अप्रसिद्ध होने से ईश्वर रूप कर्ता का व्यापार भी चरम व्यापार हो

व्यापाराविरामात्तदानन्तर्यासिद्धेस्तत्करणत्वापातात्, अनीश्वरपक्षे चाक्षयोगादिभिरेव सव्यापारे कर्मण्यपि प्रसङ्गात्, छेद्यादेर्हि करण-संयोगादिव्यापारश्चरम एवेति कुतस्तद्व्यवच्छेदः। हस्ताद्यव्याप्तेश्चेति।

शारदा

यद्यत्तदन्यप्रकृतक्रियाकारणत्वस्य तत्र निर्बाधत्वात् । अथ सहकारिण्यतिप्रसक्तिव्युदस्तये तज्जन्यत्वे सति तज्जन्यजनकत्वमेव तद्व्यापारत्वम्, स्थितेऽपि कारणे तदुत्तरत्वस्य कार्ये व्यवहारेण च तदधिकरणक्षणध्वंसाधिकरणक्षणवृत्तित्वमेव तदुत्तरत्वम्, नचैवमपि दण्डादेर्व्यापारस्यापि निर्दिष्टदिशेश्वरीयत्वेनेश्वरीयव्यापारोत्तरव्यापाराप्रसिद्ध्या तादृशव्यापारकान्यत्वेनेश्वरे साधारणकारणान्तरे चातिप्रसक्तिस्तदवस्थेति देशनीयम्, असाधारण्यविवक्षयैव तद्वारणात् । ईश्वरादिव्यावृत्तव्यापारतावच्छेदकसम्बन्धादरे च तत्तद्व्यापारे ईश्वरीयत्वाद्यनुपपत्तेः । न च कुठारादिव्यापारस्याप्यनेकव्यक्तिकत्वेन छिदौपयिकस्वीययत्किञ्चिद्व्यापारोत्तरतादृशव्यापारकत्वेनाव्याप्तिः, यावद्व्यापारोत्तरत्व-निवेशस्तूक्तरीत्यैवासम्भवाद्यापादक इति वाच्यम्, एतद्दोषवारणायैव मूले 'कारकान्तर'मित्य-त्रान्तरपदमुपात्तम्, तथासति निरुक्तलक्षणे स्वव्यापारोत्तरव्यापारे स्वातिरिक्तगतत्वस्य लाभादित्याशङ्कायामाह अनीश्वरपक्षे चेति । **चकारेण सेश्वरपक्षोपग्रहः । अक्षार्थसंयोगो ह्यक्षस्येवार्थस्यापि व्यापार इति स्वव्यापारोत्तरस्वातिरिक्तीयव्यापारकान्यत्वमर्थेऽ-पीत्यतिव्याप्तिरिति भावः । यदि श्रोत्रसाधारण्यमनुरुन्धानैर्नार्थाक्षसम्बन्धस्य प्रत्यक्षे व्यापारतानुमन्तव्या, अपित्वक्षमनोयोगस्यैव, तदार्थाक्षयोगमादायार्थेऽतिव्याप्तिरिव स्वव्यापार-**

राजहंसः

तदाऽर्थाक्षयोगमादायार्थेऽतिव्याप्तिरिवेति । अर्थाक्षयोगादानं नामार्थाक्षयोगस्या-र्थव्यापारतयानुसन्धानम्, तस्मिन् सति स्वव्यापारपदेनार्थाक्षयोगो न ग्रहीतुंशक्यते तदुत्तरं प्रकृतक्रियौपयिकव्यापाराप्रसिद्धेरिति स्वव्यापारोत्तरतादृशव्यापारकं यद्यत्तदन्यत्वमर्थे इत्यतिव्याप्तिरित्याशयः ।

भारती

